
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 283 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 21 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## जहानाबाद : बीए की छात्रा ने लगाई चाय का स्टॉल, रखी है यह नाम

दैनिक समाज जागरण
जहानाबाद से बरुण कुमार

जहानाबाद : जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां महिला ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलने की बात को सत्य कर दिखाया। जहानाबाद प्राचीन मंदिर के पास एक छात्रा ने चाय एक्सप्रेस क्वीन के नाम से चाय का स्टॉल लगाकर लोगों को अनेकों प्रकार की चाय की चुस्की का आनंद दे रही है। छात्रा के इस चाय स्टॉल पर चाय पीने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

एजीएस कॉलेज कुर्था इ.अ पार्ट 2 की इस छात्रा नाम बबीता वर्मा है। पिता सुदेश्वर सिंह जो एक किसान है। एक छोटा सा गांव मखमिलपुर इमामगंज के रहने वाली है। जो जहानाबाद में शांति नगर में रहकर पढ़ाई किया करती है। जिसका दो




भाई दो बहन है। कविता वर्मा सबसे छोटी बहन है।
कविता वर्मा ने कहा कि हमारा सोच चाय एक्सप्रेस क्वीन स्टॉल को ब्रांड बनाना है। और लोगों को रोजगार देना है। अगर मैं जॉब में जाती हूं तो मैं उससे सिर्फ मेरा भरण पोषण पूरा होगा।।जो हम नही चाहते है। हमारा सपोर्ट जहानाबाद के लोग मेरे परिवार से लेकर दोस्तों भी कर रहे

## डीएमसीएच में कारनामा: जहां लिखा 'दलालों से सावधान', वहीं पकड़े गए दो बिचौलिए

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

दरभंगा। डीएमसीएच प्रशासन को कई विभागों से सहयोग नहीं मिलने के कारण दलालों की करतूतों पर लगाम लगाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है। सोमवार की देर शाम अधीक्षक डॉ. हरिशंकर मिश्रा ने दो दलालों को रंगेहाथ ऑर्थोपेडिक विभाग में दबोचा। पूछताछ के दौरान दोनों दलाल अधीक्षक को चकमा देकर फरार हो गए। दलाली पर लगाम लगाने के लिए अधीक्षक ने सिविल सर्जन को पत्र लिखकर दो पैथोलॉजी केंद्रों पर छापेमारी कर कारवाई करने का अनुरोध किया था। हालांकि देर शाम तक उनके खिलाफ कोई कारवाई नहीं हो सकी थी। बताया जाता है कि अधीक्षक को कई दिनों से दलालों की भनक लग रही थी। सटीक सूचना मिलने पर हड्डी विभाग में सोमवार की रात करीब आठ बजे वे वहां पहुंचे। मौके पर अधीक्षक ने दो जांच घरों के कर्मियों को रंगेहाथों दबोचा लिया। ये दोनों दलाल हड्डी विभाग में मरीजों को गुमराह कर जांच के लिए सैंपल लेते थे। फिर मरीजों से मनमाना पैसे वसूलते थे। पूछताछ के क्रम में दोनों कर्मी मौके से फरार भी हो गए। अधीक्षक ने जब भर्ती मरीजों से पूछताछ की तो उन्होंने पाया कि निशा नाम की मरीज से 1200 रुपए जांच के नाम पर लिये जा चुके थे। अधीक्षक ने मरीजों को दलालों के जाल में नहीं फसने की नसीहत दी। इस मामले को लेकर उन्होंने सिविल सर्जन को पत्र लिखकर कारवाई करने को



कहा है। पत्र में उन्होंने डीएमसीएच ओपीडी के पीछे स्थित दो जांचघरों के नाम का उल्लेख किया है। साथ ही फरार हुए दोनों ही कर्मियों के नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी भी दी है। इसके अलावा अधीक्षक ने इन जांच घरों की गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं अन्य तथ्यों पर भी सवाल उठाये हैं और विधिसम्मत कार्रवाई करने को लिखा है।

*अधीक्षक ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त जांच उपलब्ध है। चिन्हित किए गए दोनों जांच घरों की ओर से मरीजों का शोषण किया जा रहा है।*

## बुद्ध की ज्ञान भूमि कुर्किहार गढ़ में दफन है.बेशकीमती मूर्तियों का खजाना



प्रभाकर कुमार/वजीरगंज (गया)वजीरगंज प्रखंड के कुर्किहार गाँव स्थित कुकीर्हार गढ़ के जमीन के नीचे इतिहास छिपा है, पर इसकी पूरी तरह खुदाई नहीं कराए जाने के कारण सब कुछ जमींदोज ही है। गया जिले के वजीरगंज प्रखंड में स्थित यह कुकीर्हार गढ़ पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है। यहां बौद्धकालीन अवशेषों का भंडार पड़ा है। करीब पांच हजार की आबादी वाले इस गांव की गली-गली में सदियों पुरानी मूर्तियां छिपी हैं। ये अष्टधातु व काले पत्थरों की हैं।

### *अधिकतर घर की दीवारों में भी मूर्तियां*

यहां गढ़ में हल्की खोदाई करने पर भी मूर्तियां मिलने लगती हैं जो प्रायः सभी मूर्तियां बुद्धकालीन हैं। गांव के बीच अवस्थित एक प्रसिद्ध देवी मंदिर में महात्मा बुद्ध की करीब दो दर्जन आदमकद मूर्तियां स्थापित हैं। ग्रामीण हिंदू देवी-देवताओं की तरह इन मूर्तियों की पूजा करते हैं। गांव घूमेंगे तो गली-कूचे, चौक-चौराहों पर मूर्तियां मिलना कोई आश्चर्य नहीं। कुछ मूर्तियां तो लोगों ने घर बनाने के दौरान दीवारों तक में लगा दी हैं।

### *यहां की कई मूर्तियां कई संग्रहालयो की बढ़ा रही है.शोभा–*

1930 ई0 में क्षेत्र के तत्कालीन जमींदार राय हरि प्रसाद ने इस गढ़ के कुछ अंश में खोदाई कराई थी तो सैकड़ों मूर्तियां निकली थीं। 226 मूर्तियां पटना के संग्रहालय में सुरक्षित हैं। इनमें 80 मूर्तियां अष्टधातु एवं शेष दुर्लभ काले पत्थरों की बनी हैं।इसके अतिरिक्त नारद संग्रहालय नवादा, कोलकाता संग्रहालय सहित लंदन में भी यहां की मूर्तिया रखी गई है.। इतिहासकार बताते हैं कि जब विश्वप्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय अस्तित्व में था, तब कुर्किहार में मूर्ति एवं शिल्प कला प्रशिक्षण केंद्र भी रहा है। यहां पत्थर की मूर्तियां बनाई जाती थी।

### *सीएम ने खुदाई कराने का दिया था आश्वासन–*

27 जनवरी 2007 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी विकास यात्रा के दौरान कुकीर्हार में कुर्किहार गढ़ एवं रुक्मिणी हरण स्थल हडाहि स्थान का भ्रमण किया था एवं स्थल की खोदाई कराने की बात कही थी। उन्होने अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए थे लेकिन सब ठंढे बस्ते में चला गया। इतिहासकार के अनुसार, ज्ञान के खोज में भटकते राजकुमार सिद्धार्थ भगवान बुद्ध ने कुर्किहार में भी विश्राम किया था। बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद यहां फिर आए थे।
2005 में विश्व मूर्तिकला प्रदर्शनी में भारत सरकार ने यहां की दो मूर्तियां भेजी थीं। स्थानीय ग्रामीण एवं कूर्किहार के विकास के लिए हमेशा पदाधिकारियों के पास पत्राचार करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण सिंह उर्फ सातो बाबू कहते हैं कि कुर्किहार सिर्फ एक गांव नहीं, इतिहास है, जिससे बुद्धकालीन और उससे प्राचीन इतिहास व किंवदंतियां भी जुड़ी हैं।
कुकीर्हार गाँव के युवा समाजसेवी सह शिक्षक बबलू कुमार हारित कहते हैं कि इस गढ़ की खोदाई होने से और भी बहुत चीजें सामने आ सकती हैं।इस गाँव के देवी मंदिर है.जहाँ कई बुद्ध की मूर्तियों को दिवाल में स्थापित कर दी गई है.एवं श्रद्धालुओ द्वारा पूजा की जाती है.।यहां की चर्चा महाभारत कालीन भी है.

# कितनी होती है भारत के राष्ट्रपति की सैलरी और क्या मिलती हैं सुविधाएं और अधिकार

**राष्ट्रपति के पास छुट्टियां बिताने के लिए दो शानदार हॉलीडे रिट्रीट भी होते हैं. जिनमें से एक हैदराबाद में राष्ट्रपति निलयम और दूसरा शिमला में स्थित रिट्रीट बिल्डिंग है. जहां वो अपने परिवार के साथ जा सकते हैं.**

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त होने के साथ, देश भर के सांसद और विधायक भारत के 15 वें राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए संसद भवन और राज्य विधानसभाओं में अपना वोट डाल चुके हैं. ऐसा कहा गया है कि एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को विपक्षी यशवंत सिन्हा पर बढ़त है क्योंकि क्षेत्रीय दलों के समर्थन के बाद उनका वोट शेयर लगभग दो-तिहाई तक पहुंचने की संभावना है. यदि ऐसा होता है, तो वह शीर्ष संवैधानिक पद पर काबिज होने वाली आदिवासी समुदाय की पहली महिला बन जाएंगी. राष्ट्रपति का पद बहुत सारे भत्तों और विशेषाधिकारों के साथ आता है. आइए राष्ट्रपति की योग्यता, वेतन और उनके कार्यकाल के दौरान मिलने वाले भत्तों की लिस्ट पर एक नजर डालते हैं.



### ये हैं भारत के राष्ट्रपति को मिलने वाली सुविधाएं

राष्ट्रपति के पद पर करीब 5 लाख रुपये महीना सैलरी मिलती है.
फ्री मेडिकल, आवास और इलाज की सुविधा (पूरे जीवन) समेत अन्य भत्ता दिए जाते हैं. भारत के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी दुनिया में कहीं भी मुफ्त में यात्रा कर सकते हैं.
राष्ट्रपति के पास पांच लोगों का सेक्रेटेरियल स्टाफ होता है. इसके अलावा 200 अन्य लोग राष्ट्रपति भवन की देखरेख में अपनी जिम्मेदारी संभालते हैं.

राष्ट्रपति के पास छुट्टियां बिताने के लिए दो शानदार हॉलीडे रिट्रीट भी होते हैं. जिनमें से एक हैदराबाद में राष्ट्रपति निलयम और दूसरा शिमला में स्थित रिट्रीट बिल्डिंग है. जहां वो अपने परिवार के साथ जा सकते हैं.

### देश के राष्ट्रपति को कस्टमाइज्ड Mercedes Benz S600 (W221) (W221) गाड़ी मिलती है.

राष्ट्रपति के पास प्रधान मंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिपरिषद की सलाह पर युद्ध की घोषणा करने की पावर है.

### सभी जरूरी संधियां और अनुबंध राष्ट्रपति के नाम पर किए जाते हैं.

राष्ट्रपति भवन भारत के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास है. नई दिल्ली में स्थित, राष्ट्रपति भवन में 340 कमरे हैं और इसका फ्लोर एरिया 2,00,000 वर्ग फुट है.

### ये भी मिलते हैं अधिकार

वह अपने ऑफिस की पावर और कर्तव्यों के प्रयोग और प्रदर्शन के लिए या उन शक्तियों और कर्तव्यों के अभ्यास और प्रदर्शन में उनके द्वारा किए गए या किए जाने वाले किसी भी काम के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं है. बशर्ते कि अनुच्छेद 61 के तहत आरोप की जांच के लिए संसद के किसी भी सदन द्वारा नियुक्त या नामित किसी भी अदालत, न्यायाधिकरण या निकाय द्वारा उनके आचरण की समीक्षा की जा सकती है.
उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में उनके खिलाफ कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू या जारी नहीं रखी जा सकती है.
उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत से गिरफ्तारी या कारावास की कोई प्रक्रिया जारी नहीं की जाएगी.

## मनोज तिवारी ने सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ एवं रवि किशन के साथ देखा प्रधानमंत्री संग्रहालय

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी सांसदों दिनेश लाल यादव निरहुआ रवि किशन के साथ प्रधानमंत्री संग्रहालय देखने पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा नेता नीलकांत बख्शी एवं शैलेंद्र सिंह मोंटी, बिपिन बिहारी सिंह भी उनके साथ मौजूद रहें। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल सेल्फी एवं फोटो भी खिंचवाई और बड़ी बारीकी से संग्रहालय को देखा व डिजिटल टिकट भी खरीदी।संग्रहालय देखने के बाद सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि इन सांसदों के साथ संग्रहालय देखने का गौरवशाली क्षण मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से संग्रहालय में भारत के गौरवशाली इतिहास को नजदीक से देखना बड़ा ही अद्भुत और अभूतपूर्व उपलब्धि वाला



क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐतिहासिक कदम न सिर्फ संग्रहालय का दर्शन करने वालों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है बल्कि जो लोग संग्रहालय में जाएंगे।उन्हें अपने गौरवशाली इतिहास का साक्षात दर्शन भी होगा। इसलिए अधिक से अधिक लोगों को संग्रहालय में जाकर भारत दर्शन करने चाहिए और भारत के प्रधानमंत्रियों को नजदीक से पहचानने एवं उनकी गौरवशाली उपलब्धियों का भी अनुसरण करना चाहिए।

## भूजल सप्ताह के तहत सावित्री बाई फुले बालिका इंटर कॉलेज कासना ग्रेटर नोएडा में भू जल जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

### छात्राओं ने जल संचयन एवं संरक्षण विषय पर कविता, भाषण प्रस्तुत कर सभी को जल का संरक्षण करने को किया जागरुक

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप एवं जिला अधिकारी के नेतृत्व में विगत दिवस जनपद में 16 से 22 जुलाई तक चलाए जा रहे भूजल सप्ताह के तहत सावित्री बाई फुले बालिका इंटर कॉलेज कसना ग्रेटर नोएडा में भूजल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समन्वय गौतम बुद्ध नगर अर्चना शिरोमणि ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं ने जल संचयन एवं संरक्षण विषय पर कविता, भाषण, प्रस्तुत कर सभी को जल का संरक्षण करने को जागरूक किया । इसके अतिरिक्त छात्राओं ने नारा लेखन, बोर्ड डेकोरेशन




द्वारा भी वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा छात्राओं ने शपथ ग्रहण द्वारा जल बचाने का संकल्प भी किया। अर्चना शिरोमणि जी (जिला समन्वयक, गौतम बुद्ध नगर) ने एक वर्कशॉप में वर्षा जल संचयन एवं संवर्धन विषय पर अपने सुझाव दिए। प्रभारी उपप्रधानाचार्य प्रीति फोगाट ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जल बचाने का संदेश दिया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस के अवसर पर मंडावली शाखा द्वारा विद्यालय में छोटे बच्चों के लिए सुंदर फर्नीचर भेंट किया गया

नजीबाबाद समाज जागरण
नसीम उस्मानी

मंडावली /नजीबाबाद आज दिनांक 20 जुलाई 2022 को प्राथमिक विद्यालय मंडावली न्याय पंचायत मुस्सेपुर विकासखंड नजीबाबाद में, बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस



के अवसर पर मंडावली शाखा द्वारा विद्यालय में छोटे बच्चों के लिए सुंदर फर्नीचर भेंट किया गया ।
इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मंडावली के ब्रांच मैनेजर श्री संजय गुप्ता जी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।ग्राम प्रधान श्रीमती शाहजहां, एसएमसी अध्यक्ष वह सदस्य श्रीमती शकुंतला, इंडेन सेवा मंडावली के स्वामी श्री धनंजय जी, ए आर पी सुखदेव सिंह एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।
प्रधाना अध्यापिका श्रीमती नीना ने सभी का आभार प्रकट किया

## मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर निकाली कलश यात्रा

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

मंडावली /नजीबाबाद आपको बता दें कि आज कलश यात्रा बैंड बाजे वे ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई कलश यात्रा के साथ भगवान शिव की मूर्ति को किया विराजमान
मुख्य यजमान दलीप कर्ण वाल ,सुनीता कर्ण वाल ,प्रिंस व हर्षित रहे ।पंडित भोले नाथ शास्त्री ,पंडित मुकेश शर्मा,पंडित शिवम डबराल,पंडित कन्हैया लाल ने विधि विधान पूर्वक ,मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव परिवार के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करा कर मूर्ति को शिव मंदिर में विराजमान किया ।भगवान शिव की मूर्ति की गंगाजल,दूध,दही,शहद,आदि से स्नान कराकर नए वस्त्र धारण ,फूल माला ,मुकुट आदि से श्रंगार किया।इस शुभ अवसर पर हवन पूजन व कीर्तन भी किया गया



।मंदिर को फूल मालाओं से सजाया गया ।सभी श्रद्धालु ओ ने भगवान शिव के जयकारे लगाए ।कलश यात्रा बैंड बाजे व ढोल नगाड़ों के साथ निकली गई जिसमें सभी नाचे झूमे और ओम नमो शिवाय,हर हर महादेव का गुणगान किया। अनिल कर्ण वाल, सुभाष कर्ण वाल, अमित कर्ण वाल, राजीव शिवकुमार,मोहित, विशाल, नितिन,सुनील, नवीन शुभम, सुरेन्द्र, देवेन्द्र, रोहित, डॉक्टर ओमप्रकाश वैध, नागेन्द्र, नरेंद्र,कैलाश, पंडित दिनेश शर्मा, राजीव, देवांश,गीता,राधा , माया देवी,लक्ष्मी, नरेंश,रूपाली,शर-ेखा,,नीलम, मितलेश, मदन,निक्की,स्वाति,सगवा,रूपम, हरीश,स्पर्श, तरंग,, अर्जुन ,आदि रहे ।स ।भी श्रद्धालु ओ ने प्रशाद ग्रहण किया।

## साधना पथ (भाग 202)



साधकों सर्वत्र भगवान को देखे , यह तो सामान्य सूत्र है । वेद पुराण शास्त्र सभी जगह ऐसा लिखा है कि भगवान का निवास सर्वत्र है । पर क्या हम उस सर्वत्र को देख पाते हैं ? निर्गुण निराकार ईश्वर तो सर्वत्र विद्यमान है । इतना जानने के बाद भी हम अनाचार , अत्याचार , पापाचार करते रहते है । अगर हमे अपने इतने निकटस्थ ईश्वर का भय होता तो क्या हम इस प्रकार पापाचार करते । आखिर क्यूं हमे ईश्वर से भय नही होता है ? और यही भय प्रकट कैसे हो ?

साधकों -इसका एक प्रमुख कारण यह है कि हम ईश्वर पर पूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास रखते ही नहीं । सुनते हैं , पढ़ते हैं , जानते हैं पर मानते नहीं । परन्तु वहीं जब हम किसी के प्रति यह धारणा बना लें कि यदि हम गलत करेंगे तो अमुक हमें दण्ड देगा । डर से हम उसके प्रति गलत नहीं करते । गोस्वामी बाबा जी आज की परिस्थिति की कल्पना पहले ही कर लिए थे तभी तो उन्होंने मानस में एक सूत्र बताया है । गोस्वामी बाबा कहते है कि - सर्वत्र उस ईश्वर को देखे जो धनुष बाण धारी है ।

जहं तहं देख धर धनुबाना

धनुषधारी भगवान का स्मरण यहाँ पर करके गोस्वामी बाबा बताना चाहते है कि यद्यपि भगवान का मूल स्वरुप करुणा दया का हैं पर यह भक्तो के लिये है ।जो खल है दुष्ट है वे सीधे नही मानते । उन्हे दण्डित करने के लिये प्रभु का धनुषधारी रुप ही अपेक्षित है । सर्वत्र धनुषधारी रुप मे मारीच प्रभु का दर्शन करता था । और आज तो धनुषधारी रुप की अत्यान्ता आवश्यकता है क्यूँकि कलियुग मे मनुष्य के ह्रदय मे

तब लगि ह्रदय बसत खल नाना । लोभ मोह मत्सर भव माना ।।

ये तभी तक हमारे ह्रदय मे है जब तक धनुषधारी राम का वास नही हो जाता -

जब लगि उर न बसत रघुनाथा । धरे चाप सायक कटि भाथा ।।

हनुमान जी महराज अपने ह्रदय मे सदा सर्वदा धनुषधारी राम को ही विराजमान करते है -

जासु ह्रदय आगार बसहु राम सर चाप धरि ।

साधकों - हमारे जीवन मे जब कभी चिन्ता ,जलन , कष्ट , पीडा हो तब मुस्कराते हुये धनुषधारी श्रीराम का स्मरण करें , दर्शन करें पीडा. वेदना से मुक्ति मिल जायेगी ।

## शिवाजी गणेशन

21 जुलाई, 2001) मुख्य रूप से शिवाजी गणेशन के नाम से प्रसिद्ध हैं। तमिल सिनेमा की प्रमुख हस्तियों में से एक शिवाजी गणेशन संवाद अदायगी से दर्शकों को मुग्ध कर देने वाले सुपरस्टार थे। शिवाजी गणेशन ने रंगमंच के साथ-साथ फि ल्मों में भी अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं बाद की पीढ़ी के अभिनेताओं को भी अपनी अभिनय शैली से प्रेरित किया। दक्षिण भारत के कई सितारों ने स्वीकार किया है कि उनकी अभिनय शैली शिवाजी गणेशन से प्रभावित थी। शिवाजी गणेशन का मूल नाम विल्लुपुरम चिन्नैयापिल्लई गणेशन था और उन्होंने सी. एन. अन्नादुराई द्वारा लिखित,' शिवाजी कांड हिन्दू राज्यम' नाटक में छत्रपति शिवाजी की भूमिका निभायी। इस नाटक में उनके अभिनय की काफी सराहना हुई और उन्हें 'शिवाजी गणेशन' का नाम मिल गया।

### जीवन परिचय

1 अक्तूबर 1927 को पैदा हुए शिवाजी गणेशन का फि ल्मों में प्रवेश 1952 में हुआ और 'पराशक्ति' उनकी पहली फि ल्म थी। दर्शकों ने उन्हें हाथों-हाथ लिया और उनकी अभिनय शैली खासकर संवाद अदायगी से मुग्ध हो गए। 1954 में प्रदर्शित उनकी फि ल्म 'अंधानाल' तमिल सिनेमा की दिशा तय करने वाली साबित हुई। इसमें एक ओर कोई गाना नहीं था वहीं गणेशन एंटी हीरो की भूमिका में थे। बचपन से ही उनकी याददाश्त काफी अच्छी थी और वह लंबे-लंबे संवाद बिना किसी मदद के दर्शकों के सामने बखूबी पेशकर देते थे। दर्शक उनकी इस अदा से भाव विभोर हो जाते थे बाद में जब वह बड़े पर्दे की दुनिया में आ गए तो यहां भी उन्हें इस प्रतिभा का काफी फायदा हुआ और उनका यह अंदाजविशेष रूप से लोकप्रिय हुआ।[1]

### फि ल्मी सफर

शिवाजी गणेशन ने अपने करीब पांच दशक के लंबे फि ल्मी सफर में लगभग 300 फि ल्मों में काम किया। उन्होंने तमिल के अलावा तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और हिंदी फि ल्मों में भी काम किया। 1970 में प्रदर्शित हिंदी फि ल्म 'धरती' में भी उन्होंने अभिनय किया। यह फि ल्म उनकी मूल फि ल्म 'सिवांध मान' की रीमेक थी। उनकी कई फि ल्मों का रीमेक अन्य भाषाओं में भी हुआ। ऐसी ही एक फि ल्म नवरातिरि थी जिसमें उन्होंने नौ किरदार निभाए थे। बाद में हिंदी में इसी आधार पर 'नया दिन नयी रात' फि ल्म बनी जिसमें संजीव कुमार ने नौ भूमिकाएँ की थी। उनकी फि ल्मों का सिंघली भाषा में भी रीमेक हुआ है।[1]

### राजनीति में

शिवाजी गणेशन अपने फि ल्मी सफर में व्यावसायिक, पौराणिक और प्रयोगधर्मी फि ल्मों के बीच संतुलन स्थापित करने में काफी हद तक कामयाब रहे। बाद में वह राजनीति में भी आए और द्रमुक से जुड़ गए। लेकिन द्रमुक के साथ उनका सफर लंबा नहीं चला और वह कांग्रेस समर्थक हो गए। उन्हें राज्यसभा के लिए भी चुना गया। उन्होंने अपनी एक पार्टी भी बनायी थी।

### सम्मान और पुरस्कार

शिवाजी गणेशन को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होने के अलावा दो बार राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी नवाजा गया था। इनको भारत सरकार द्वारा सन 1984 में कला के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

### निधन

तमिल फि ल्मों के सुपरस्टार शिवाजी गणेशन का 21 जुलाई 2001 को 74 साल की उम्र में निधन हो गया।

# नशा नाश की जड़ है, नशे में तड़पती युवा जिंदगानी, हर चौथे युवा की यही कहानी।

वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊजार्वान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए।

भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6% देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे

ईरान 42%, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7%,भारत खुद 6% तथा रूस में इसका 5% उपयोग होता है। भारत में 2008 में 17 मि,टन हीरोइन की खबत होती थी,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6% है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है ।पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है ।इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है

एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25% महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60% से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है। यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है ।मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थों पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्तव्य से परे हो जाएगा। जोकि एक बहुत खतरनाक स्थिति होगी।



संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

# शिक्षा और ज्ञान

शिक्षा के क्षेत्र में पहले से लेकर अब तक जो विकास हुआ था, वही परिपाटी बिना अधिक परिवर्तन के इस काल में भी कायम रही। उन दिनों सामूहिक शिक्षा की धारणा ने जन्म नहीं लिया था और लोग वही सीखते थे जो उनके जीवन यापन के लिए आवश्यक था। पढ़ना-लिखना कुछ ही लोगों में सीमित था। जिनमें अधिकतर ब्राह्मण या उच्च वर्ग के लोग थे। गाँव में पढ़ना लिखना वहाँ का ब्राह्मण सिखाता था। बच्चे अधिकतर मन्दिरों में पढ़ते थे जो भूमि-अनुदान पर निर्भर करते थे। ज्ञानी ब्राह्मणों को भूमि दान में देना धार्मिक कृत्य माना जाता था। उस काल के ताम्रपत्र, जिन पर ऐसे दान का उल्लेख है, हमें बड़ी संख्या में प्राप्त हैं जिनसे हमें पता चलता है कि इस प्रकार के अनुदान काफी प्रचलित थे। कभी-कभी मन्दिरों की और से ही उच्च शिक्षा का प्रबंन्ध कर दिया जाता था। आमतौर पर उच्च शिक्षा के प्रारम्भ के लिए विद्यार्थी को अपने शिक्षक के घर जाकर उसी के साथ रहना पड़ता था। ऐसे मामले में उसे अपने शिक्षक को फीस देनी पड़ती थी या फिर अपनी शिक्षा के अन्त में वह शिक्षक को गुरुदक्षिणा देता था। ऐसे विद्यार्थी जो गरीबी के कारण फीस नहीं दे सकते थे, वे गुरुदक्षिणा गुरु की सेवा के रूप में चुकाते थे। शिक्षा के मुख्य विषय वेद तथा व्याकरण थे। यद्यपि बच्चे को अक्षर ज्ञान के साथ गणित भी सिखाया जाता था। उन दिनों भारतीयों की दिलचस्पी विज्ञान में बहुत कम हो गई थी। इस काल में हमें शल्यचिकित्सा का विवरण नहीं मिलता। पुलों तथा बाँधों का निर्माण निम्न श्रेणी का काम माना जाता था। ऐसा इसलिए था कि इस समय तक शारीरिक श्रम को हेय दृष्टि से देखा जाता था। किसी कार्य के प्रशिक्षण की ज़िम्मेदारी आम तौर पर संघों तथा कुछ परिवारों पर थी। उदाहरण के लिए एक व्यापारी द्वारा अपने पुत्र को प्रशिक्षित करने का हमें विस्तृत ब्यौरा मिलता है। विज्ञान में उच्च प्रशिक्षण तथा अन्य प्रकार की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए यात्रा को प्रोत्साहित किया जाता था। एक लेखक ने कहा है कि वे लोग जो दूसरे देशों के पहनावे, रहन-सहन और उनकी भाषा का अध्ययन नहीं करते वे बिना सींग वाले बैलों के समान हैं। फिर भी भारत के अन्दर भी यात्रा खराब सड़कों और चोर-डाकुओं के भय से अत्यन्त सीमित रहती होंगी। इसके अलावा कोई साधन-सम्पन्न व्यक्ति ही यात्रा पर जा सकता था।

### शिक्षा के केंद्र बौद्ध विहार

उच्च शिक्षा में धार्मिक विषयों के अलावा अन्य विषय भी शामिल थे, और इसका केन्द्र बौद्ध विहार ही था। इनमें से सबसे प्रसिद्ध, बिहार का नालन्दा विश्वविद्यालय था। अन्य शिक्षा के प्रमुख केन्द्र विक्रमशिला और उद्दंडपुर थे। ये भी बिहार में ही थे। इन केन्द्रों में दूर-दूर से, यहाँ तक की तिब्बत से भी, विद्यार्थी आते थे। यहाँ शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती थी। इन विश्वविद्यालयों का खर्च शासकों द्वारा दी गई मुद्रा और भूमि के दान से चलता था। नालन्दा को दो सौ ग्रामों का अनुदान प्राप्त था।

### नालंदा विश्वविद्यालय, नालंदा, बिहार



शिक्षा का एक अन्य प्रमुख केन्द्र कश्मीर था। इस काल में कश्मीर में शैव मत तथा अन्य मतावलंबी शिक्षा केन्द्र थे। दक्षिण भारत में मदुरई तथा श्रृंगेरी में भी कई महत्त्वपूर्ण मठों की स्थापना हुई। इन केन्द्रों में प्रमुख रूप से धर्म तथा दर्शन शास्त्र पर विचार-विमर्श होता था। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित मठों और शिक्षा केन्द्रों के कारण विचार विनिमय आसानी और शीघ्रता से देश के एक भाग से दूसरे भाग तक हो सकते थे। किसी दर्शन शास्त्री की विद्या उस समय तक पूर्ण नहीं मानी जाती थी जब तक वह देश के विभिन्न भागों में जाकर वहाँ के लोगों से शास्त्रार्थ न करता हो। इस तरह देश में विचारों के मुक्त और शीघ्रतापूर्ण आदान-प्रदान से भारत की सांस्कृतिक एकता को बहुत बल मिला, लेकिन इसके बावजूद इस काल में शिक्षित वर्ग का दृष्टिकोण अधिक संकीर्ण होता गया। वे नये विचारों का प्रतिपादन अथवा उसका स्वागत करने के स्थान पर केवल अतीत के ज्ञान पर ही निर्भर करते थे। वे भारत के बाहर पनपने वाले वैज्ञानिक विचारों से भी स्वयं को अलग रखते थे। इस प्रवृत्ति की झलक हमें मध्य एशिया के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और विद्वान अलबेरूनी की रचनाओं में मिलती है। अलबेरूनी ग्यारहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में करीब दस वर्षों तक भारत में रहा। यद्यपि वह भारतीय ज्ञान और विज्ञान का प्रशंसक था, उसने यहाँ के शिक्षित वर्गों और विशेषकर ब्राह्मणों की संकीर्णता की चर्चा भी की हैः- 'ये घमण्डी, गवीर्ले, दंभी तथा संकीर्ण प्रवृत्ति के हैं। ये प्रवृत्ति से ही अपने ज्ञान को दूसरों को बाँटने के मामले में कंजूस हैं और इस बात का अधिक से अधिक ख्याल रखते हैं कि कहीं और कोई जात के किसी आदमी, विशेषकर किसी विदेशी को उनका ज्ञान नहीं मिल जाए। उनका विश्वास है कि उनके अलावा और किसी को भी विज्ञान का कोई ज्ञान नहीं है।' ज्ञान को ही कुछ लोगों तक सीमित रखने की उनकी इस प्रवृत्ति तथा घमण्ड के कारण तथा किसी और स्त्रोत से प्राप्त ज्ञान को तुच्छ समझने के कारण भारतवर्ष इस मामले में पिछड़ गया। कालान्तर में उसे इस प्रवृत्ति का बहुत बड़ा मूल्य चुकाना पड़ा।

### धार्मिक विचार

इस काल में बौद्ध और जैन धर्म का ह्रास हुआ, यद्यपि दक्षिण भारत में जैन धर्म का प्रभाव दसवीं शताब्दी तक बना रहा। इसी काल में बौद्ध धर्म अपने जन्म के देश में समाप्त प्रायः हो गया पर हिन्दू धर्म का पुर्नजागरण और उसका विस्तार हुआ। इसने अनेकों रूप अपनाए जिसमें सबसे प्रमुख शिव और विष्णु की लोकप्रियता थी। इन देवों की पूजा को प्रमुख मानते हुए कई सम्प्रदाय उठ खड़े हुए पर बौद्ध और जैन धर्म के सिद्धांतों को चुनौती दी गई।

कालान्तर में शिव तथा विष्णु प्रमुख देवता बन गए और सूर्य, ब्रह्मा आदि की लोकप्रियता कम हो गई। पूर्वी भारत में पूजा की एक नई विधि का विकास हुआ। यह शक्ति पूजा थी जिसमें स्त्री शक्ति को सृष्टि का आधार सिद्धांत माना गया। इस प्रकार बौद्धों ने अतीत के बोधिसत्वों की पत्नी के रूप में तारा तथा हिन्दुओं ने दुर्गा और काली की पूजा शुरू की, जिन्हें शिव की पत्नियाँ बताया गया।

### बौद्ध धर्म का प्रतीक

इस काल में बौद्ध धर्म का प्रभाव पूर्वी भारत तक सीमित रहा। बंगाल के पाल शासक बौद्ध धर्म को मानने वाले थे। दसवीं शताब्दी के बाद उनके पतन से बौद्ध धर्म को भी धक्का पहुँचा। लेकिन इससे ज्यादा गम्भीर बौद्ध धर्म के आंतरिक मतभेद थे। बुद्ध ने स्वयं एक व्यावहारिक दर्शन का प्रसार किया था। जिसमें पुजारी वर्ग की भूमिका न्यूनतम थी तथा ईश्वर तथा उसके अस्तित्व के बारे में अधिक अटकलबाजी की गुंजाइश नहीं थी। ईस्वीं युग के आरम्भ की शताब्दियों में महायान मत का विकास हुआ, जिसमें बुद्ध को ईश्वर के रूप में पूजा जाता था। धीरे-धीरे इनकी पूजा परिपाटी और जटिल तथा भव्य होती गई। साथ-साथ यह विश्वास मजबूत होता गया कि पूजक मंत्रों को पढ़कर अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। उनका यह भी विश्वास था कि इन कार्यकलापों तथा विभिन्न प्रकार के कष्ट सहने से उन्हें हवा में उड़ने और अदृश्य होने जैसी दैवी शक्तियाँ प्राप्त हो सकती थीं। मनुष्य इस प्रकार से प्रकृति पर नियंत्रण के लिए हमेशा से इच्छुक रहा है, पर इसकी ये इच्छाएँ केवल आधुनिक विज्ञान के विकास से पूरी हुई है। कई हिन्दू योगियों ने भी इस प्रकार की चेष्टा की। इनमें सबसे प्रसिद्ध गोरखनाथ थे। गोरखनाथ शिष्यों को नाथपंथी कहा जाता है तथा एक समय ये सारे उत्तर भारत में लोकप्रिय थे। इनमें से कई योगी नीची जाति के थे और उन्होंने वर्ण-व्यवस्था तथा ब्रह्मणों के विशेषाधिकार की आलोचना की। उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत को तन्त्र कहा जाता है और इसकी सदस्यता बिना जातिभेद के सभी के लिए खुली थी। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि बौद्ध धर्म का पतन नहीं हुआ, लेकिन उसने कई ऐसे रूप धारण कर लिए जो हिन्दू धर्म से बहुत भिन्न नहीं थे।

### लोकप्रिय जैन धर्म

पश्चिम भारत में, विशेषकर व्यापारी वर्ग के बीच, जैन धर्म लोकप्रिय बना रहा। गुजरात के चालुक्य शासकों ने जैन धर्म को प्रोत्साहित किया। उन्हीं के काल में आबू पहाड़ पर दिलवाड़ा जैसे भव्य मन्दिरों का निर्माण किया गया। मालवा के परमार शासकों ने भी जैन तीर्थंकरों और महावीर की, बड़ी-बड़ी प्रतिमाएँ बनवायी जिन्हें अब ईश्वर के रूप में पूजा जाने लगा था। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में बड़े-बड़े जैनालय बनवाए, जो यात्रियों के विश्राम स्थल के रूप में लोकप्रिय हुए।

## गणेश गीता (गीता भाग 119)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी राजा वरेण्य को उपदेश देते हुए आगे बताते हैं :--

यदनादीन्द्रियैहीनं,
गुणभुग्गुणवर्जितें
अव्यक्तं सदसद्भिन्नं
इन्द्रयार्थावभासकं`

हे राजन ! जो अनादि व इन्द्रिय रहित, सत असत तय आदि गुणों का भोक्ता है,किन्तु गुण वर्जित ,अव्यक्त ,सत असत से परे तथा इन्द्रियों का प्रकाशक है..

विश्वभृच्चखिलव्यापि,
त्वमेव नानेव भाषते`
बाह्यभयंतरतः पूर्णसंगमं
तमसः परम`,

हे राजन ! वह परमात्मा विश्व को धारण करने वाला है `सभी जगह विद्यमान है ,एक होता हुआ भी अनेक रूपों में भासित है` वह परमात्मा बाहर भीतर से पूर्ण है` वह असंग और अंधकार से परे है`

दुज्ञेयं चादिसूक्ष्मतवात
अदीप्तनामापि भासकं
ज्ञेयं एतादृशं विद्ध,




ज्ञानगम्यं पुरातनें

हे राजन! परमात्मा अत्यन्त ही सूक्ष्म है जिसके कारण जाना नहीं जाता,वह प्रकाश को भी प्रकाशित करता है,इस प्रकार से ज्ञान से जानने योग्य उस पुरातन पुरुष को ज्ञेय ब्रह्म थानों`

जयदेव परं ब्रह्म
ज्ञेयमात्मा परोऽव्ययः`
गुणान प्रकृतिजान भुंक्ते
पुरुषः प्रकृतेः परः`

यही परब्रह्म ज्ञेय है ,यही आत्मा ,पर ,अव्यय तथा प्रकृति से परे पुरुष कहलाता है यही प्रकृति से उत्पन्न गुणों को भोगता है`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

# कांवड़ का महत्व, पुराणों में वर्णित है

(पंकज पांडे, हरेश उपाध्याय) मुंबई, दिल्लीः- कांवड़ का ऐसा क्या महत्व है कि भक्त कष्ट उठाकर भी भोले का अभिषेक करने के लिए कांवड़ में जल भरकर लाते हैं।इस प्रश्न का उत्तर पुराणों में मौजूद है।



पुराणों में बताया गया है कि धूपैदीपैस्तथा पुण्यै नैवेद्यै विविधैरपि।नः तुष्यति तथा शम्भुर्यथा कामर वारिणी।।यानी भगवान शिव शंकर कांवड़ से गंगाजल चढ़ाने से जितना प्रसन्न होते हैं,उतना प्रसन्न धूप, दीप, नैवेद्य या फूल चढ़ाने से भी नहीं होते।कांवर और शिव भक्ति के संबंध में यह भी कहा गया है कि 'स्कन्धे च कामरं धृत्वा बम-बम प्रोज्य क्षणे-क्षणे, पदे-पदे,अश्वमेधस्त अक्षय पुण्यम् सुते।।यानी कांधे पर कांवड़ रखकर बोल बम का नारा लगाते हुए चलने से हर कदम के साथ एक अश्वेध यज्ञ करने का पुण्य प्राप्त होता है।कांवड़ में जल लेकर भगवान शिव का अभिषेक करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस परंपरा की कड़ी में भगवान का राम का नाम भी शामिल है।आनंद रामायण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि भगवान श्री राम ने कांवड़िया बनकर देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया।भगवान शिव के परम भक्त लंकापति रावण ने भी शिव जी को कांवड़ चढ़ाया था।शिव जी को कांवड़ चढ़ाने वालों में भूतनाथ भैरव का भी नाम आता है।कांवर लेकर शिव जी को अर्पित करना एक प्रकार की तपस्या है। और हर तपस्या के कुछ नियम होते हैं।कांवड़ियों के लिए भी शास्त्रों में कुछ नियम बताए गए हैं। शास्त्र कहता है कि कांवड़ियों को सात्विक और शुद्ध आहार लेना चाहिए। कांवर को कभी भी भूमि पर नहीं रखें।आचरण और विचार शुद्ध रखें। निंदा से बचें और किसी को कटु शब्द नहीं कहें। कांवड़ यात्रा के दौरान काम क्रोध से बचें और भगवान शिव का ध्यान करते रहें।

# दुर्गेश पाठक माफी मांगे या कानूनी कार्यवाही के लिए तैयार रहें-प्रवीण शंकर कपूर

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी नेता दुर्गेश पाठक केवल झूठ एवं अनर्गल बयानों की राजनीति करते हैं।वह विधायक जरूर बन गये हैं, पर उनके प्राण पार्षद बन नगर निगम महापौर बनने में अटके हुए हैं। यही कारण है कि उनकी राजनीति नगर निगमों पर बोलने पर केंद्रित रहती है ताकि समय आये तो वह अपनी पार्टी से निगम पार्षद का टिकट मांग सकें।आज फिर दुर्गेश पाठक ने भ्रमक झूठा प्रचार करने की कोशिश की कि पांच वर्षों में तीन महापौरों पर निगम के 270 करोड़ रुपये खर्च हुए।पहली बात तो यह 270 करोड़ रूपए का आंकड़ा अधिकारिक रूप से जारी नही हुआ और यदि इसे सही मान लें तो भी वास्तविकता यह है की गत 5 साल में औसतन हर महापौर कार्यालय पर 1.5 करोड़ रुपए खर्च होने का सूचना है। जिसमें महापौर कार्यालय में नियुक्त कर्मियों के वेतन, भत्ते ही नही स्टेशनरी आदि, उनके लियें खरीदे गये कम्प्यूटर आदि से लेकर महापौर का गाड़ी भत्ता तक शामिल है।दुर्गेश पाठक को शायद यह भी नही मालूम कि महापौर को केवल एक गाड़ी मिलती है और विगत दक्षिण एवं पूर्व निगमों में तो महापौरों के लिये आवास सुविधा भी नही थी।दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि हम दुर्गेश पाठक को चुनौती देते हैं कि वह साबित करें की किसी भाजपा महापौर या निगम पार्षद ने निगम फंड का गलत उपयोग किया था या फिर भाजपा से माफी मांगे अन्यथा कानूनी कार्यवाही के लियें तैयार रहें।



# संयुक्त अरब अमीरात में सम्मानित हुए - संदीप मारवाह

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा प्रसिद्ध फिल्म टेलीविजन और मीडिया हस्ती व मारवाह स्टूडियो के अध्यक्ष डॉ संदीप मारवाह को द वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा उनकी हालिया दुबई यात्रा के दौरान मीडिया और मनोरंजन उद्योग में उनके ईमानदार योगदान के लिए संयुक्त अरब अमीरात में सम्मानित किया गया। दुबई के हिल्टन अल हब्तूर सिटी में एक विशेष समारोह में डॉ. मारवाह को सम्मान प्रमाण पत्र सौंपते हुए डॉ. जितेंद्र माल्टानी अध्यक्ष वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स दुबई ने कहा कि जो छात्रों की छुपी हुई प्रतिभा को जान ले वही अच्छा गुरु है और संदीप मारवाह में ये काबिलियत भरपूर है, रचनात्मकता के कई अलग-अलग क्षेत्रों में डॉ संदीप मारवाह का योगदान बहुत बड़ा है। डॉ. संदीप मारवाह ने 4500 टेलीविजन कार्यक्रमों पर मंथन किया है, पिछले 30 वर्षों में अपने लोकप्रिय मारवाह स्टूडियो से 125 फीचर फिल्मों और 5000 प्रशिक्षण फिल्मों से जुड़े रहे हैं। हमें उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन में जगह देते हुए खुशी हो रही है।



### *क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए 4 तथा ग्राम पंचायत सदस्य के लिए एक उम्मीदवार ने कराया नामांकन*

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह रजपुरा खंड विकास रजपुरा क्षेत्र के गांव सिंगपुर मैं नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य की मृत्यु के बाद खाली हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव आयोग ने जारी की अधिसूचना के बाद आज खंड विकास रजपुरा मैं गांव सिंगपुर से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए मनोज कुमार पुत्र मुकुट सिंह निवासी सिंहपुर वार्ड नंबर (14) सत्यवती पत्नी भूपेंद्र सिंह निवासी हरफरी वार्ड नंबर (14) गैरिश कुमार पुत्र साहब सिंह निवासी हिरोनी वार्ड नंबर (14) विद्या देवी पत्नी रोहिताशसिंह निवासी सिंहपुर वार्ड नंबर (14) से दो महिलाओं सहित 4 उम्मीदवारों ने कराया नामांकन, जबकि गांव सिगदलनपुर से ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए गुड्डू देवी पत्नी सतीश वार्ड नंबर (1) से कराया नामांकन, चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार 21 जुलाई को होगी पर्चा की समीक्षा, 22 जुलाई को नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों को किए जाएंगे चिन्ह आवंटित, 4 अगस्त को होगा मतदान, 5 अगस्त को की जाएगी मतगणना।

# राज्य कर विभाग के खण्ड -11 ने चलाया जीएसटी अवेयरनेस महाअभियान

## *– कैम्प लगाकर अपंजीकृत व्यापारियों पंजीयन के लिये किया प्रोत्साहित– अभियान चलाकर पंजीयन के फायदे भी बताए*

आगरा। राज्य कर विभाग ने एडिशनल कमिश्नर ग्रेड - 1 अजय कुमार सिंह के निर्देश पर पंजीयन जागरूकता अभियान के अंतर्गत संजय प्लेस स्थित प्रिंस टावर में एक शिविर लगाया गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए राज्य कर विभाग के अस्सिटेंट कमिश्नर प्रशांत कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निदेर्शों के अनुपालन में राज्य कर विभाग खंड -11 ने संजय प्लेस स्थित प्रिंस टावर के पंजीयन जागरूकता अभियान 2022 को संपन्न कराया गया। उक्त अभियान मे छोटे व्यापारियों को जीएसटी के अंतर्गत निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लाभ से अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन से छोटे व्यापारियों को होने वाले फायदे भी गिनाए । जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने पर बिना किसी प्रीमियम भुगतान के 10 लाख के एक्सीडेंटल बीमा योजना के बारे में भी के जानकारी दी । इस अभियान में पंजीकृत व्यापारियों द्वारा भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। इसे पंजीयन शिविर मे राज्य कर अधिकारी प्रियंका शर्मा, सीए सौरभ अग्रवाल, एड० गिरीश बघेल, एड० आयुष गोयल कारोबारी रजत अग्रवाल, बुरहान खां, प्रेम चन्द, आशीष शर्मा, संजय गुप्ता, पियूष गोयल, प्रभात कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



# हे दुख भंजन, मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार....

## *संकट मोचन हनुमान मंदिर पर भव्य महाआरती का आयोजन*

आगरा (वी एन मिश्र) प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित, नए पुल के नीचे, यमुना किनारा, बेलनगंज पर हनुमान बाबा के भक्तों द्वारा भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी योगेश शर्मा (त्यागी जी) द्वारा महाआरती की गई।

मंदिर परिसर जय श्री राम, जय हनुमान, हर हर महादेव एवं यमुना मैया के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर राम भक्त हनुमान बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया था। मंदिर महंत पंडित राजू शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूर्ण विधि-विधान से आरती संपन्न कराई। आरती के बाद हनुमान बाबा की प्रसादी का वितरण किया गया।

संयोजक मनीष भारद्वाज एवं सुनील गर्ग (नेताजी) ने बताया कि संकट मोचन हनुमान बाबा का यह प्राचीन मंदिर है। यहां हनुमान जी महाराज सबकी मनोकामना पूरी करते हैं। दूर-दूर से भक्त हनुमान बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ उठाते हैं। मंदिर परिसर में हनुमान जी, नृरसिंह जी भगवान एवं भगवान शिव परिवार भी विराजमान है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेश शर्मा त्यागी जी एवं संजय गर्ग बॉबी भाई का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

महाआरती में प्रमुख रूप से सर्वश्री संजय गर्ग बॉबी भाई, जुगल किशोर शर्मा, सुनील गर्ग नेताजी, पं. मनीष भारद्वाज, अक्कू भाई, मनीष गुप्ता खाटू जी, पंडित सोनू शर्मा, महंत राजू शर्मा, कृष्णा भारद्वाज, वीरेंद्र कुमार, ठाकुर राजेंद्र सिंह, पप्पू पांडेय, शिवकुमार शर्मा, मनोज गर्ग, राकेश अग्रवाल, अभिजीत गर्ग आदि उपस्थित रहे।



# डीएम की अध्यक्षता मे हुई राज्य कर विभाग की वर्चुअल बैठक

आगरा (वी एन मिश्र) जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे राज्य कर विभाग आगरा के अधिकारियों व जनपद के सभी विभागाध्यक्ष/राजपत्रित अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा राज्य कर विभाग के राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा के दौरान सरकारी विभागों, संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों (ग्राम पंचायत, नगर पालिका, जिला पंचायत, नगर निगम इत्यादि) के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा अनेक कार्य संविदाकारों के माध्यम से संपादित कराए जा रहे विकास कार्यों का भुगतान करते समय टी0डी0एस0 कटौती किए जाने एवं निर्धारित समय के अन्दर जीएसटीआर-7 रिटर्न दाखिल कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

जिसके अन्तर्गत सभी विभागाध्यक्ष/राजपत्रित अधिकारियों को उक्त हेतु अपना रजिस्ट्रेशन कराना व 2.5 लाख से अधिक मूल्य की कर योग्य वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति प्राप्त किए जाने की दशा में कुल 02 प्रतिशत की दर से टी0डी0एस0 कटौती किया जाना अनिवार्य है। बैठक में उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष/राजपत्रित अधिकारियों को राज्य कर विभाग आगरा के अधिकारियों द्वारा रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया को पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रदर्शित कर समझाया गया तथा इस हेतु रजिस्ट्रेशन संबंधित समस्या निदान को दूरभाष नंबर भी जारी किया गया।

जिलाधिकारी महोदय ने सभी विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि सभी 07 दिन में रजिस्ट्रेशन कर अद्यतन स्थिति से अवगत करायें अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में राज्य कर विभाग के अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं एडीएम सहित जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंगेल में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के क्रम में आज उ०प्र० राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भंगेल में स्थित पोषण पुर्नवास केन्द्र का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर कुल 08 बच्चे मिले । वहाँ पर पोषण से संबन्धित खान-पान आदि की जानकारी के साथ किचन का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। वहाँ पर उपस्थित तिमारदारो के साथ वार्ता की गयी किसी प्रकार से कोई समस्या से अवगत नहीं कराया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

तदोपरांत माननीय अध्यक्ष श्री शर्मा के द्वारा जिला कारागार गौतमबुद्धनगर के महिला बैरक में महिलाओं के साथ आवासित छोटे-छोटे बच्चो के साथ मुलाकात करते हुए वार्ता की गयी। 06 वर्ष आयु के दो बच्चों की माता के साथ वार्ता किया गया कि इन बच्चो को उचित शिक्षा के लिए बाल संरक्षण गृह में आवासित करा दिया जाये, ताकि उनको समाज में समायोजित करने में सहायता मिलें। इस अवसर पर बच्चों को फल आदि वितरित किया गया। उक्त के अतिरिक्त जग शान्ती उदयन घर गामा प्रथम स्थित बालिका गृह का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर आवासित बालिकाओं से वार्ता की गयी, बालिकाओं के उचित शिक्षा व स्कूल के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी।

उपरोक्त भ्रमण कार्यक्रम के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर में जनपद स्तरीय अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के संबंध में चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियो को जोड़े जाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र नगर मजिस्ट्रेट, सहायक पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय), अतुल कुमार सोनी जिला प्रोबेशन अधिकारी, के०सी० विरमानी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति उपस्थित रहें।

# उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को बनाकर करोड़ों किसानों को दिया सम्मान : रमेश बिधूड़ी

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) दिल्लीः- राजस्थान के किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़

को केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा उप राष्ट्रपति के पद का उम्मीदवार बना कर सरकार ने करोड़ों किसानों को सम्मान दिया है। यह कहना है किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी का। देश के हित में इस महत्वपूर्ण फैसले को लेने के लिए भाजपा के किसान वर्ग से जुड़े लोगों ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यालय में भव्य स्वागत किया।उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय देश हित में है। इससे देश के करोड़ों किसानों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। पिछले 8 सालों में केंद्र सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई अहम फैसले ले चुकी है। किसानों के लिए कई योजनाएं चल रही है। खाद पर विशेष छूट, बैंको से आसान तौर पर ऋण आदि किसानों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। अब जगदीप धनखड़ के रुप में किसानों के स्वावलंबन व विकास के लिए कार्य करने वाला उपराष्ट्रपति देश को मिलने जा रहा है। यह बहुत ही गौरव की बात है। पूर्व की सरकारें सिर्फ यही नारा देती रही कि देश के 80% लोग कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं। पर उन्होंने किसानों के विकास के लिए कारगर कदम नहीं उठाए थे। उस दौरान अन्न दाता किसान स्वयं अपने परिवार के भरण पोषण के लिए जूझता था। जगदीप धनकर को उम्मीदवार बनाकर सरकार ने अपने मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास को सार्थक किया है। इस मौके पर महरौली भाजपा अध्यक्ष जगमोहन महलावत, दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता विक्रम बिधूड़ी, रणवीर तंवर, व बड़ी संख्या में किसान वर्ग के लोग मौजूद रहें।



# नगरपालिका बरवाला चेयरमैन और पार्षदों ने अपने-अपने पद व गोपनीयता की ली शपथे

बरवाला शहर की जनता ने एक छोटे से व्यक्ति को पहुंचाया बड़े पद पर -- रमेश बैटरी वाला पार्षद मोहन सिंह साइकिल से पहुंचे शपथ ग्रहण समारोह में शहर की जनता ने एक अच्छी टीम चुनकर भेजी नगरपालिका में--` डिप्टी स्पीकर जनता मे सबसे अधिक नजदीक होता है पार्षद-- मेयर चेयरमैन और पार्षद शहर की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे --भाजपो जिलाध्यक्ष

### *चेयरमैन और पार्षदों ने शाम को नगरपालिका में संभाला अपना कार्यभार*

हिसार (राजेश सलूजा): बरवाला शहर के अग्रोहा मार्ग पर स्थित राजमहल हाल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नगरपालिका बरवाला के नवनिर्वाचित चेयरमैन रमेश बैटरी वाला और शहर के कुल 19 वार्डो के पार्षदों ने अपने-अपने पद व गोपनीयता की शपथ ली। यह शपथ एसडीएम राजेंद्र कुमार द्वारा दिलवाई गई। इस समारोह में सबसे पहले शहर के नवनिर्वाचित



चेयरमैन रमेश बैटरी वाला द्वारा अपने पद व गोपनीयता की शपथ ली गई। इसके बाद बारी-बारी से वार्ड नंबर 1 से लेकर वार्ड नंबर 19 के पार्षदों संजय कुमार, दिनेशे बजाज, राजा मेहता, मीनू रानी शर्मा, सतबीर सैनी, रीना, धर्म सिंह, जया रानी, सोनिया, सुमन नौथावत, पुष्पा, मंजू रानी, कांता देवी, ज्योति बंसल, रामपाल, कविता रानी, मोहन सिंह, राधेश्याम गूदंली व ताराचंद द्वारा अपने-अपने पद व गोपनीयता की शपथ ली गयी। मंच संचालन वार्ड नंबर 3 के पार्षद राजा मेहता ने किया। वार्ड नंबर 17 के नवनिर्वाचित पार्षद मोहन सिंह अपनी साइकिल चला कर शपथ ग्रहण समारोह राजमहल में पहुंचे। इस समारोह में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, हिसार मेयर गौतम सरदाना, पूर्व विधायक वेद नारगं, सीमा गैबीपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र वीर चक्र, चुनाव प्रभारी आशा खेदड़, शमशेर पंघाल, जिला सचिव रणधीर सिंह धीरू, देवेंद्र शर्मा, मनोज रहेजा, मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा व महेश शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस समारोह में संत महाराज कवंलानंद, महाराज स्वीटी, संत नीलम बाई और वृंदावन से पधारे महाराज सुरेश चंद्र शास्त्री ने पहुंच कर नवनिर्वाचित चेयरमैन और पार्षदों को अपना आशीर्वाद दिया। इस समारोह में उपस्थित शहर के लोगों से पंडाल खचाखच भरा हुआ था और पंडाल भी छोटा पड़ गया। नवनिर्वाचित चेयरमैन रमेश बैटरी वाला ने शपथ लेने के बाद महाराज संत कवंलानंद महाराज स्वीटी, संत नीलम बाई व वृंदावन से पधारे सुरेश चंद्र शास्त्री से अपनी धर्मपत्नी अलका सरदाना के साथ आशीर्वाद लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र वीरचक्र ने अपने संबोधन में कहा कि शहर की जनता ने चेयरमैन और पार्षदों को सेवा करने का मौका दिया है। चेयरमैन और पार्षद शहर की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अपना अपना कार्य करेंगे। इस समारोह में मेयर गौतम सरदाना ने अपने संबोधन में कहा कि जनता से सबसे अधिक नजदीक पार्षद होता है। पार्षद वार्ड के विकास के लिए दिन-रात एक करते हैं। नगरपालिका चेयरमैन ने शपथ लेने से पहले ही विभाग के अधिकारियों से मिलकर शहर की समस्याओं का जायजा ले लिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चेयरमैन रमेश बैटरी वाला और पार्षदों को अपना आशीर्वाद दे दिया है। उन्होंने कहा कि बरवाला शहर की सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष लाकर समाधान करवाने का काम किया जाएगा। इस समारोह में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि बरवाला शहर के लोगों ने एक अच्छी टीम चुनकर नगरपालिका में भेजी है। लोकतंत्र की पहली कड़ी पार्षद होता है। चेयरमैन समेत तमाम पार्षदगण आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और शहर का विकास करवाएंगे। बरवाला शहर को एक अच्छा शहर बनाएंगे और विकास कार्यों में तेजी लाने का काम करेंगे। महाराज स्वीटी ने अपने प्रवचनो में चेयरमैन और पार्षदों को पूरी ईमानदारी से काम करने की नसीहत दी और प्रभु चैन की बजा दो बंसी भजन का गुणगान करके माहौल को भक्तिमय बना दिया। चेयरमैन रमेश बैटरी वाला ने अपने संबोधन में कहा कि शहर की जनता ने छोटे से व्यक्ति को बड़े पद पर पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वो पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पार्षदों की पूरी टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। शहर की तमाम समस्याओं को दूर करवाने का काम करेंगे। जब वो आशीर्वाद लेने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पास पहुंचे तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी हर मांग को पूरा किया जाएगा। बरवाला शहर के प्रति आपके सपनों को पूरा करवाने का काम करेंगे। विकास कार्यों की ग्रांट को विकास कार्यों में भ्रष्टाचार मुक्त लगाने का काम करेंगे। इस दौरान प्रधान सतीश बंसल और तरसेम राजलीवाला ने नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरी वाला और वार्ड नंबर 15 के पार्षद रामपाल और वार्ड नंबर 13 की पार्षद कांता देवी तथा वार्ड नंबर 14 की पार्षद ज्योति बंसल का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। शाम को नगरपालिका कार्यालय में चेयरमैन रमेश बैटरी वाला और समस्त पार्षदों ने अपना कार्यभार भी संभाला। इस अवसर पर पंजाबी महासभा राष्ट्रीय सचिव महेंद्र नारंग, रिटायर प्रिंसिपल ओमप्रकाश वधवा, केवलकृष्ण मलिक, वीरभान ढीगड़ा, भीम सेन मक्कड़, प्रधान विक्की रहेजा, संजय जुनेजा, सचिव राजन चावला, महेंद्र सेतिया, डॉक्टर वेद मेहता, सुभाष बजाज, सचिन मेहता, आशा चुघ, मंजू मेहता, सुनील मेहता, कैलाश कक्कड़, हरीश कथुरिया, सुबे सिंह शेखावत, जिले सिंह शेखावत, दलबीर आर्य, बजरंग सोनी, राजबीर वर्मा, रोशन घनघस व संजीव भाटिया समेत हजारों की तादाद में शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी जनपद सँभल जिलामुख्यालय बहजोई किसान दिवस में शामिल होने

दैनिक समाज जागरण बहजोई । भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी जनपद सँभल जिलामुख्यालय बहजोई किसान दिवस में शामिल होने पहुँचे लेकिन किसान दिवस स्थागन की सूचना पर किसानों ने नाराजगी व्यक्त की और सभागार के प्रांगण में पंचायत कर प्रशासन पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र किसान दिवस कराकर किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार निस्तारण को कहा सभी वक्ताओं ने जिला मुख्यालय पर 28 जुलाई को होने वाली तैयारियां की समीक्षा की गई सभी वक्ताओं ने कहा 28 जुलाई को होने महापंचायत ऐतिहासिक होगी यह महापंचायत बिजली,चकबंदी राशन वितरण में धांधली बिधुत विजिलेंस के द्वारा किसानों को डरा धमकाकर कर आर्थिक शोषण करने फर्जी मुकदमा करने बिजली विभाग द्वारा डी एन डार के नाम पर 10000 रुपए से अधिक विल पर 1000 रुपये बसूले जा रहे हैं आवारा पशुओं से निजात गन्ना बकाया भुगतान यूरिया खाद के साथ के साथ जिंक, नैनो यूरिया जबरन खाद बिक्रेताओं द्वारा देने आदि मांगो को लेकर 28 जुलाई की जिलामुख्यालय पर रखी गई हैं अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता हैं

तो महापंचायत को अनिश्चित कालीन आंदोलन के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा इसकी सूचना राष्ट्रीय नेतृत्व को भी अवगत करा दिया है राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी कहा अगर जनपद संभल के किसानों की समस्याओं समाधान नहीं होता हैं तो प्रदेश स्तर का आंदोलन संभल में होगा प्रदेश प्रमुख महासचिव/प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने कहा जनपद संभल का प्रशासन की किसानो की अनदेखी कर रहा है किसान समस्याओं से पीड़ित है जिलाधिकारी संभल भी किसानों की समस्याओं का संज्ञान नहीं ले रहे हैं बार बार अवगत कराने के बाद भी किसानों की समस्याओं से अनभिज्ञ है जिससे किसानों में आक्रोश है और किसानों अधिकारियों अनदेखी का जबाब 28 जुलाई की महापंचायत अहंकारी अधिकारियों को जबाब दिया जाएगा किसान दिवस न लगने का मुद्दा प्रमुखता से उठा और महापंचायत में उठेगा और इसका जिलाधिकारी से जबाब लिया जाएगा संभल की धरती पर इतना बड़ा आंदोलन जिलामुख्यालय बहजोई पर होगा जो आज तक नहीं हुआ

पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव व संचालन मुनेंद्र सिंह ने की पंचायत को बरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष रामवीर सिंह युवा मंडल अध्यक्ष वीरेश यादव मंडल महासचिव मुकेश यादव अमरसिंह राजपूत मोहर सिंह यादव नरेश शर्मा राजपाल सिंह यादव फिरोज नवी उदयवीर सिंह यादव राजेश मौर्य शिशुपाल सिंह यादव कल्याण सिंह दुर्गपाल कुशबाह मानपाल सिंह यादव प्रधान खुशीराम पिंटू यादव सोनू रामवीर सिंह यादव सुदेश यादव आदि ने सम्बंधित किया



# गंदी है पुलिस' पर एक्शन में आए एसपी,की कार्यवाही

## *एक दरोगा और सिपाही हुए लाइन हाज़िर*

**.पुलिस पर गंदी होने की तोहमत लगाते हुए किशोरी ने की थी आत्महत्या**

दैनिक समाज जागरण अखिलेश सिंह

हरदोई। 'गंदी है पुलिस' पुलिस पर इस तरह की तोहमत लगाते हुए किशोरी के फांसी लगा कर आत्महत्या करने के मामले से एक्शन में आए एसपी ने अतरौली थाने में तैनात दरोगा,एक हेड कांस्टेबिल और एक कांस्टेबिल को



लाइन हाज़िर कर दिया है। साथ ही मामले की गहराई से छानबीन कराए जाने की बात कही है।

बताते चलें कि 18/19 जुलाई की रात अतरौली थाने के एक गांव में किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। मामला उस मोड़ पर उलझ गया,जब वहां कमरें में पड़े मिले एक सुसाइड नोट में लिखा था कि,गंदी है पुलिस' दरअसल उस किशोरी के साथ गांव के अरविंद नाम के युवक ने पहले दुष्कर्म किया,उसी बीच उसका वीडियो बना कर उसे वायरल कर दिया। सुसाइड नोट में आगे लिखा था कि वह इंसाफ के लिए दौड़ी, लेकिन इलाकाई पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। पुलिस के इसी लापरवाह रवैए के चलते उसने आत्महत्या करने का फैसला लिया।इस तरह का मामला सुर्खियों में आने के बाद एक्शन में आए एसपी राजेश द्विवेदी ने दरोगा रविन्द्र,हेड कांस्टेबिल सभाजीत व कांस्टेबिल शुभम को लाइन हाज़िर करते हुए मामले की गहराई से छानबीन कराए जाने की बात कही है।वही पुलिस ने आनन-फानन में आरोपी अरविंद को गिरफ्तार कर लिया है।

## *एसपी ने मामले की जांच एएसपी पूर्वी को सौंपी*

हरदोई। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया है कि पिछले महीने आरोपी ने किशोरी की चाची के ऊपर हमला किया था। उस मामले में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगाते हुए कार्रवाई की गई थी। लेकिन फिर भी किशोरी के घर वालों ने पुलिस पर भरोसा नहीं किया और उस पर इस तरह की तोहमत वाली बात सामने आई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी श्री द्विवेदी ने एएसपी पूर्वी अनिल कुमार यादव को मामले की जांच सौंपी है। एएसपी पूर्वी श्री यादव ने तमाम तरह के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच शुरू कर दी है। किशोरी के घर व आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।इस संबंध में एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया है कि किशोरी के सुसाइड नोट का बारीकी से मिलान कराया जा रहा। साथ ही तहरीर के पहलुओं की पड़ताल की जाएगी। इसके अलावा किशोरी के मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाली जाएगी। बताया कि बड़ी बारीकी से जांच की जा रही है।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर के निरीक्षण के दौरान सैम्पलिंग की

दैनिक समाज जागरण शाहाबाद(हरदोई)।ड्रग इंस्पेक्टर ने बुधबार को शाहाबाद में एक मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करके सैम्पलिंग भी की।ड्रग इंस्पेक्टर के आने की सूचना मिलने पर कस्बे के मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया।अधिकतर संचालकों ने अपने मेडिकल स्टोर बंद कर दिए। नगर के बस स्टैंड के पास स्थित बुशरा मेडिकल स्टोर पर महिला ड्रग इंस्पेक्टर स्वगतिका घोष ने निरीक्षण कर कुछ दवाइयों के सैंपल लिए।उन्होंने मेडिकल स्टोर में निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाई जिसके लिये उन्होंने संचालक को चेतावनी देते हुए कार्रवाही करने को बात कही।ड्रग इंस्पेक्टर स्वगतिका घोष ने मेडिकल स्टोर संचालको को दवाओं के उचित रखरखाब,लाइसेंस रिन्यूवल समय से कराने,फार्मासिस्ट की मौजूदगी,साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।साथ ही उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोरों का रूटीन इन्स्पेक्शन चलता रहेगा और अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाही भी की जाएगी।

## निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने हेतु राजनैतिक दलों के साथ बैठक 29 जुलाई को

**दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह हरदोई।** अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वन्दना त्रिवेदी ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने का कार्य 1 अगस्त से प्रारम्भ किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान में राजनैतिक



दलों के सहयोग की आवश्यकता होगी। राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने तथा इस महत्वपूर्ण कार्य में उनका सक्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 29 जुलाई को अपरान्ह एक बजे कलेक्टेज्ट सभागार कक्ष में आहूत की गयी है।

## *बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 115वां स्थापना दिवस*

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई।शाहबाद में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में 115वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसके बाद शाखा प्रबंधक विनोद महेश्वरी द्वारा प्राथमिक विद्यालय तडेर में पहुंचकर बच्चों को उपहार वितरित किए गए श्री माहेश्वरी बच्चों को बैंकिंग व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने मौजूद अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों के खाते बैंक में खुलवाएं तथा बच्चों को या उनको मिलने वाले सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ



बड़ौदा खाता धारको की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहती है। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । बैंक अधिकारियों को पहली बार अपने बीच पाकर स्कूल के बच्चे काफी प्रसन्न दिखे तथा उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारियों के द्वारा बैंकिंग व्यवस्था की जो जानकारी दी गई है वह आगे उनके काम में भी आएगी। इस अवसर पर बैंक अधिकारी कुशल कुमार , तरुण पाटीदार एवं हिमांशु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा से चोरी कर भागे युवक को पुलिस ने पकड़ा

दैनिक समाज जागरण बावन (हरदोई)। हरियाणा प्रदेश के झज्जर सिटी थाना क्षेत्र के बहादुरगढ़ में गोदाम में चोरी कर भागे हरदोई के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।युवक लोनार थाना क्षेत्र के बघौरी का रहने वाला है।

हरियाणा पुलिस ने बताया कि लोनार थाना क्षेत्र के बघौरी निवासी अंकित पुत्र विनोद सिंह बहादुरगढ़ में एक गोदाम में काम करता था।करीब एक माह पूर्व गोदाम के मालिक का एक लाख रुपया चोरी कर फरार हो गया था।जिसकी रिपोर्ट गोदाम मालिक द्वारा थाने में दर्ज कराई गई थी।युवक की तलाश में हरियाणा से बघौरी पहुंचकर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया।फिलहाल पुलिस युवक का मेडिकल कराकर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करेगी और अपने साथ हरियाणा ले जाएगी।



# किसान दिवस में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में दी गई जानकारी

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई। किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी, प्रगतिशील कृषकों एवं सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा नहर, ट्यूबवेल, विद्युत विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, मण्डी, विपणन एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के विभागों से सम्बन्धित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा कृषकों की समस्याओं के समाधान के साथ



अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा कृषकों से अपील की गई कि सभी लोग अपने आसपास के कृषकों को मृतक किसानों के पात्र परिवार के सदस्यों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित करें ताकि कोई भी पात्र कृषक योजना के लाभ से वंचित न रह पाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी कृषकों से ईकेवाईसी कराने के साथ ही कम वर्षा के कारण, दलहनी व तिलहनी फसलों की बुवाई करने पर जोर दिया गया। इससे मृदा की उर्वराशक्ति बढ़ती है साथ ही कम पानी की आवश्यकता होती है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को किसानों की सभी समस्याओं का समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

# गंगा दूतों के प्रशिक्षण के दूसरे चरण का हुआ शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई।नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत ग्राम स्तरीय गंगा दूतों के प्रशिक्षण का दूसरा चरण बिलग्राम ब्लॉक के कटरी परसोला पंचायत भवन में आरम्भ हुआ। प्रशिक्षण में बिलग्राम ब्लॉक के गंगा किनारे के 3 गांवों-कटरी परसोला, कटरी बिछुइया,तथा कटरी छिबरामऊ से गंगा दूत उपस्थित रहे। साथ ही सभी युवाओं का उत्साहवर्धन करने हेतु सभी गांवों के ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे ।



इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने नमामि गंगे परियोजना का महत्व प्रशिक्षुओं को समझाया। स्पीरअहैड पंकज कुमार त्रिवेदी ने गंगा मैया की स्वच्छता और निर्मलता में युवाओं को उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के विभिन्न तरीके बताए और साथ मे गतिविधियों के माध्यम से उन्हें प्रचार प्रसार के तरीके भी बताए। स्पीअरहैड भवानी प्रसाद शर्मा ने उपस्थित ग्रामवासियों को तमाम सरकारी योजनाओं जैसे कैच द रेन, हर घर जल, नमामि गंगे परियोजना आदि के विषय मे बताते हुए कहा कि इन सभी योजनाओं की जरूरत हमे आज इसलिए पड़ रही है क्योंकि हमने जल और इसकी स्वच्छता को कभी गंभीरता से नही लिया, उन्होंने कहा कि यदि सरकार, प्रशासन और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं इसके लिए कार्य कर सकती हैं तो प्रत्येक नागरिक के यह कर्तव्य बनता है कि वह इस महाभियान का अंग बने। प्रशिक्षण में स्पीअरहैड सुधांशु कश्यप, प्रियंशु अवस्थी, और प्रियंशु कि अहम भूमिका रही। दो दिवसीय प्रशिक्षण का कल द्वितीय दिवस है ।

# पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित ने न्याय की लगाई गुहार*

परसपुर, गोण्डा* स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम भौरीगंज के निवासी पीड़ित सुरेश कुमार सोनी पुत्र राम मिलन ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला थाना परसपुर के ग्राम भौरीगंज से जुड़ा है, जहाँ पीड़ित सुरेश कुमार सोनी पुत्र राम मिलन और विपक्षिनी बिट्टू पत्नी रामू निवासी गण ग्राम भौरीगंज के बीच एक ही जमीन के डबल बैनामे को लेकर थाना कर्नलगंज में विपक्षिनी बिट्टू पत्नी रामू के विरुद्ध पहले से धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है। भूमि विवाद से जुड़े इस मामले में पीड़ित का कहना है कि विपक्षिनी द्वारा सुलह करने एवं जमीन हड़पने की




नियत से फर्जी मुकदमे में फंसाकर पीड़ित को धारा बढ़ोत्तरी कराकर फंसाने की साजिश रची जा रही है। वहीं थाना परसपुर की पुलिस सब कुछ जानते हुए राजनैतिक दबाव वश निर्दोष पीड़ित को विपक्षिनी द्वारा गलत कृत्य के मामले में फंसाये जाने से त्रस्त होकर उससे निजात दिलाने हेतु एसपी को पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़ित के मुताबिक वह एक व्यवसायी होने के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठित व्यक्ति होने से उक्त फर्जी मुकदमे को लेकर काफी मानसिक तनाव में है। जिससे पीड़ित ने काफी त्रस्त होकर विपक्षिनी बिट्टू पत्नी रामू के द्वारा दर्ज कराये गए फर्जी मुकदमे और धारा बढ़ोत्तरी और उत्पीड़न से निजात दिलाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

# घर से बाराबंकी दवा लेने के लिए निकले 75 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति लापता*

**परिजन हैरान परेशान, सोशल मीडिया पर लोगों से जानकारी देने की कर रहे अपील**

कर्नलगंज, गोण्डा*

स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोंचा कासिमपुर निवासी पचहत्तर वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति माता प्रसाद जो बीते 11 जुलाई 2022 को घर से बाराबंकी दवा लेने के लिए निकले थे, जब वह शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। परंतु आठ दिनों से अधिक बीतने के बाद भी आज तक काफी तलाश करने के बाद वृद्ध का कहीं पता नहीं चल सका है। इस संबंध में हैरान परेशान परिजनों ने सोशल मीडिया पर अपना मोबाइल नंबर जारी कर लापता वृद्ध के बारे में कोई जानकारी मिलने पर सूचना देने की आम जनमानस से अपील की है और कहा गया है कि जिस किसी सज्जन को इन वृद्ध व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो वह इस मोबाइल नंबर 6388081170,9450195842 पर संपर्क कर सकते हैं।

# संचारी रोगो से बचाव हेतु लोग अपने आस पास साफ सफाई रखे, अन्य लोगो को भी जागरूक करे-जिलाधिकारी

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत आज नगरीय निकायों के 243 वार्डो में से 119 वार्डो में फागिंग/लार्वी साइड का छिड़काव किया गया। सभी वार्डो में नालियों की सफाई की गयी, कचरे का निस्तारण किया गया। जानकारी देते हुए जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि आज सभी वार्डो में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है। कुल 93 वार्डो में व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी क्षेत्रों में साफ सफाई के साथ साथ झांड़ी कटाई



का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि स्क्रबटाइफस को पनपने से रोका जा सके। आशा द्वारा प्रत्येक बुधवार व शनिवार को वीएचएनडी सत्रो पर संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में बैठके की जा रही है। आशा द्वारा आज 27 हजार 292 लोगो को क्लोरीनेशन डेमो एवं संचारी रोगो से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कुल 153 घरों में सोर्स रिडक्शन का कार्य किया गया है। 555 कन्टेनर्स खाली करवाये गये अभी तक कोई पॉजिटिव कन्टेनर नही पाया गया। उन्होने कहा कि संचारी रोगो से बचाव हेतु लोग अपने आस पास साफ सफाई रखे, और अन्य लोगो को भी जागरूक करे।

# आईटीआई द्वारा छात्र /छात्राओं को प्रवेश लेने के लिए चलाया स्कूल चलो अभियान

गोंडा आईटीआई चलो अभियान के अंतर्गत (पीडीयू आईटीआई ) पंडित दीनदयाल उपाध्याय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र सिविल लाइन विष्णुपुरी कॉलोनी गोंडा के कर्मचारियों द्वारा बड़े ही उत्साह एवं जोश के साथ हाई स्कूल इंटरमीडिएट इंटर कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है आईटीआई में प्रवेश लेने के लिए आईटीआई के बारे में जानकारी दी जा रही है कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट कोपा 1 वर्ष शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल एवं विभिन्न व्यवसाय में छात्र छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं लाभ उठा सकते हैं इस संबंध में प्रबंधक हरीश गुप्ता ने बताया कि छात्र छात्राओं के अधिक से अधिक प्रवेश लेने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है 31 जुलाई 2022 की अंतिम तिथि है प्रवेश लेने के लिए छात्र छात्राओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा उसके बाद मेरिट के आधार पर छात्र-छात्राओं का चयन होगा फिर निजी आईटीआई को निदेशालय से सूची जारी की जाएगी जिससे निजी आईटीआई प्रवेश ले सकते हैं आईटीआई करने के बाद रोजगार के अवसर बहुत हैं एवं अपने सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया कि बहुत ही लगन से कार्य कर रहे हैं हाई स्कूल इंटर कॉलेज के प्रबंधक गण एवं प्रधानाचार्य ने अपना अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं उन सभी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों का प्रकोप! विभाग के रहमोकरम पर चल रहे हैं झोलाछाप डॉक्टरों के अवैध क्लिनिक*

*बभनजोत ब्लॉक के कई ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार*

*गोण्डा* बभनजोत ब्लॉक के सटे ग्रामीण इलाकों में झोलाछापों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है विभाग के रहमोकरम से बभनजोत ब्लॉक के कोने-कोने में फल फूल रहे झोलाछाप लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है! लेकिन इन नीम-हकीमों के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नहीं की जा रही है। मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप नीम-हकीमों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने के कारण इनके हौंसलें दिनों दिन बुलंद होते जा रहे हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की ओर से इन पर कठोर कार्यवाही नहीं करने के कारण इन्होंने गांव-गांव में क्लीनिक खोल रखे हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम इन पर अभी तक मेहरबान है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का धंधा इनका ओर भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। गांव, बस्ती और गली में कोई कोई बगैर डिग्री का नीम-हकीम नजर जाता है, जो अस्पताल खोलकर लोगों का उपचार कर रहे हैं। खासकर बारिश के बाद मौसमी बीमारियों के फैलने पर इनका धंधा जोरों पर है। हमारी पड़ताल में हथियागढ बाजार, मोकलपुर, केशवनगर ग्रांट, घारीघाट,टेगनहवा बाजार कई फर्जी झोला छाप डॉक्टर जो बिना किसी डिग्री के खुद को डॉक्टर बताते हैं। एक बुजुर्ग महिला को बैठा के इंजेक्शन देते हुए इलाज करता पाया गया!! स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की ओर से इन पर कठोर कार्यवाही नहीं करने के कारण ये खुले आम आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है! और विभाग कुंभकर्ण की नींद सो रहा है।

# कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण की शिकायत के क्रम में हुई पैमाईश*

**उपरोक्त अवैध अतिक्रमण के प्रकरण में कार्यवाही हेतु प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा ने खंड शिक्षा अधिकारी हलधरमऊ गोंडा को भेजी रिपोर्ट**

*हलधरमऊ, गोण्डा*

शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण होने के संबंध में हिंदू युवा वाहिनी के ब्लॉक हलधरमऊ के मंत्री राकेश शुक्ला के द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से की शिकायत के क्रम में मंगलवार को पैमाईश होने के पश्चात लेखपाल द्वारा मौखिक रूप से बताने के अनुसार किए जा रहे निर्माण कार्य का कुछ हिस्सा विद्यालय की तरफ से उत्तर के ओर की संपूर्ण दीवाल विद्यालय भूमि के दायरे में आ रही है जो कि प्रथम दृष्टया स्पष्ट रूप से विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण होने से उक्त प्रकरण में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी हलधरमऊ को रिपोर्ट प्रेषित करते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी हलधरमऊ गोंडा को भेजी गई रिपोर्ट में अजय कुमार उपाध्याय प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ गोंडा ने अवगत कराया है कि श्री राकेश शुक्ला हलधरमऊ ब्लॉक मंत्री हिंदू युवा वाहिनी के द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा की जमीन पर अवैध रूप से निर्माण की शिकायत की गई थी। उक्त के संबंध में प्रार्थी द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2022 दिन मंगलवार को हल्का लेखपाल को विद्यालय बुलवाकर भूमि की पैमाइश करवाई गई। पैमाइश के उपरांत लेखपाल महोदय द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि किए जा रहे निर्माण कार्य का कुछ हिस्सा यानी विद्यालय की तरफ से उत्तर के ओर की संपूर्ण दीवाल विद्यालय भूमि के दायरे में आ रही है जो कि प्रथम दृष्टया स्पष्ट रूप से विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण है। उक्त संबंध प्रधानाध्यापक ने सूचना सादर प्रेषित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी से अग्रेतर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# डीएम की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की बैठक संपन्न*

गोण्डा। जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में चल रहे कार्यों एवं नये कार्यों पर विचार करके सहमति प्रदान की गई। सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में साफ- सफाई, पेयजल , विद्युत के साथ ही सुंदरीकरण का कार्य भी समुचित व्यवस्था के साथ किया जा सके। इसके साथ ही बैठक में जनपद के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के द्वारा कराए गये कार्यों पर समीक्षा की गई तथा संबंधित ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि अपने -अपने नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं में साफ-सफाई के साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाय। इसके साथ ही समस्त ईओ को निर्देशित किया गया कि अपने -अपने नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में अतिक्रमण की व्यवस्था को अतिक्रमण मुक्त कराया जाय। जिससे राहगीरों को आने वाली समस्याओं का सामना न करना पड़े। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय निकाय की बैठकों में सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों के चेयरमैन स्वयं व प्रतिनिधि दोनों लोग अपने-अपने ईओ के साथ में जरूर आयें। जिससे नगर पालिका एवं नगर

# *नवविवाहितों को वितरण करने हेतु सीएचसी कर्नलगंज को दिए गए शगुन किट के वितरण में हुआ बड़ा खेल*

*विभागीय अफसरों और ठेकेदारों की सांठ गांठ से हुए खेल का मामला आया सामने*

*एक किट की खरीद पर करीब तीन सौ रुपए का बताया जा रहा है खर्च*

*कर्नलगंज सीएचसी प्रशासन शगुन किट के वितरण का विवरण उपलब्ध कराने में आनाकानी करते हुए मामले में लीपापोती कर लाखों रुपए के घपले को हजम करने में जुटा*

*स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक से बीते दिनों इस मामले की हुई शिकायत के बाद किट वितरण में खेल हुआ उजागर*

***कर्नलगंज,गोण्डा***

स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार नियोजन के लिए नवविवाहितों को वितरण करने हेतु सीएचसी कर्नलगंज को दिए गए शगुन किट के वितरण में बड़ा खेल सामने आया है। बता दें कि मामला परिवार नियोजन के लिए नवविवाहितों को मिलने वाली नई पहल किट शगुन किट के वितरण में हुए बड़े पैमाने पर हुई धांधली से जुड़ा है। जिसके वितरण में हुई भारी गड़बड़ी का मामला गरमा गया है। वहीं कर्नलगंज सीएचसी प्रशासन उक्त शगुन किट के वितरण का विवरण उपलब्ध कराने में आनाकानी करते हुए मामले में लीपापोती कर लाखों रुपए के घपले को हजम करने में जुटा है।

मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी स्वास्थ्य केंद्रों को नवविवाहितों को देने के लिए नई पहल किट शगुन किट दी गई थी। स्वास्थ्य केंद्रों से इन शगुन किट को आशा के माध्यम से गांवों के नव विवाहित दंपत्तियों को वितरण किया जाना था। एक किट की खरीद पर करीब तीन सौ रुपए का खर्च बताया जा रहा है।सीएमओ गोंडा की ओर से सामुदायिक केन्द्रों पर मई माह में किट भेजने का निर्देश दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक से बीते दिनों इस मामले की शिकायत होने के बाद विभागीय अफसरों और ठेकेदारों की सांठ गांठ से हुए इस किट वितरण का खेल उजागर हुआ।बीते सोमवार को संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं




परिवार कल्याण के निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्रों को शगुन किट कम दिये जाने का मामला सामने आया था। इसी क्रम में कर्नलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण करने पहुंचे संयुक्त निदेशक ने जब ब्लॉक कम्युनिटी प्रोग्रेस मैनेजर (बीसीपीएम) से किट के संबंध में जानकारी मांगी तो उन्होंने परिवार नियोजन के लिए दी जाने वाली शगुन किट कम संख्या में मिलने की बात कही। बीसीपीएम ने बताया कि उन्हें 648 किट के बजाय 286 किट देकर हस्ताक्षर करवा लिया गया। कुछ दिन के बाद जब बीसीपीएम ने चीफ फॉर्मासिस्ट अशोक वर्मा तथा परिवार नियोजन के लाजिस्टिक मैनेजर से किट कम मिलने की शिकायत भी की। संयुक्त निदेशक के स्तर से हुई इस जाँच पड़ताल में अन्य ब्लॉक में भी शगुन किट कम दिये जाने का मामला प्रकाश में आया। बताते चलें कि विभागीय जानकारी के मुताबिक इस शगुन किट में एक जूट के बैग के साथ विवाह पंजीकरण फॉर्म,स्वच्छता बैग, पम्पलेट, तौलिया, बिंदी, कंघी,नेल कटर, दो रुमाल, एक छोटा शीशा शामिल है। साथ ही दो पैकेट कण्डोम, दो गर्भ निरोधक गोलियां, एक पैकेट साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोलियां, तीन आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां और दो प्रेग्नेंसी जांच किट रहती है। मामले में बीते 13 जुलाई को "आखिर कौन हजम कर गया सात हजार शगुन किट" शीर्षक से एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने पूरे मामले की जांच करवाकर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से नवविवाहितों को वितरित की जाने वाली नई पहल किट (शगुन किट) में गोलमाल का मामला सामने आने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मचा है।वहीं खबर को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी डॉ० उज्जवल कुमार ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया है कि टीम गठित कर किट वितरण में गड़बड़ी मामले की जांच करवाकर दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। प्रभारी अपर निदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण डॉ० अनिल मिश्र ने किट वितरण में गोलमाल की सूचना महानिदेशक परिवार कल्याण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक को दी है। ऐसे में शगुन किट वितरण में हुई भारी गड़बड़ी का मामला गरमा गया है। वहीं विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक कर्नलगंज सीएचसी प्रशासन उक्त शगुन किट के वितरण का विवरण उपलब्ध कराने में आनाकानी करते हुए मामले में लीपापोती कर लाखों रुपए के घपले को हजम करने में जुटा है।

## भाजपा के जिला कार्यालय पर प्रमुख कार्यकताओं की आयोजित हुई बैठक

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी आगामी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी सहित प्रमुख कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा जिला महामंत्री केशव प्रसाद सिंह के संचालन में जिला कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी संजय राय का मार्ग दर्शन कार्यकताओं को प्राप्त हुआ । अगामी कार्यक्रमों में पन्ना प्रमुख , मण्डल एवं बूथ व्हाट्सएप ग्रुप , मन की बात , आजादी का अमृत महोत्सव , राष्ट्रपति चुनाव की मतगणना 24 जुलाई को महामहिम राष्ट्रपति की फोटो प्रत्येक कार्यालयों में लगवाने के साथ ही आदिवासी बनमानुष पत्थर कट , बस्तीयों में सामूहिक कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदरियां लोगों को सौंपी गई प्रधानमंत्री के जन्मदिन पा विशाल रक्त दान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने भी कार्यक्रमों को लेकर अपने विषय रखे कार्यक्रम में जिला आई0टी0 प्रमुख , मण्डल अध्यक्ष , मण्डल प्रभारियों के साथ मोर्चो के अध्यक्ष महत्वपूर्ण बैठक में मौजूद रहे

## बैंक आफ बड़ौदा का 115वां दिवस मनाया गया

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

खबर यूपी के जिले अमेठी से है...जहाँ बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा मुसाफिरखाना में बीओबी बैंक का 115 वां स्थापना दिवस



समारोह धूमधाम से मनाया गया..इस मौके पर एक प्राइमरी स्कूल परिसर में बैंक की ओर पौधरोपण किया गया..बैंक द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच कापी,कलम सहित पठन पाठन की अन्य सामग्रियों का वितरण भी किया गया....... मुसाफिरखाना स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में 115वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया....शाखा प्रबंधक सहित बैंक कर्मियों ने बैंक के संस्थापक सयाजी राव गायकवाड़ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया...इस मौके पर खौदिया स्थित प्राइमरी स्कूल परिसर में बैंक की ओर से पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम के तहत शाखा प्रबंधक सहित बैंक कर्मियों ने स्कूल परिसर में बड़ी संख्या में फलदार व छायादार पौधे लगाए। वहीं छात्र-छात्राओं के बीच कलम, कॉपी,सहित पठन-पाठन की अन्य सामग्रियों का वितरण किया।

सयाजीराव गायकवाड़ जी ने 20 जुलाई, 1908 को गुजरात की बड़ौदा रियासत में बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थापना की। वे बहुत ही बड़े विद्वान व सामाजिक व्यक्ति थे। इस वर्ष हम अपने 115 वें स्थापना दिवस का आयोजन कर रहे हैं । स्कूली बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का मनुष्य जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षित लोगों से ही शिक्षित समाज का निर्माण होता है। बच्चे देश के भविष्य हैं। इस मौके पर स्कूल परिसर में भी पौधरोपण किया गया जिसमें अनेक फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए और छात्र-छात्राओं के बीच चौकलेट, कलम, कॉपी,सहित पठन-पाठन की अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया है

## *बिहार बाजार में स्थित बिहारेश्वरनाथ धाम का जलाभिषेक हेतु बैठक आज*

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः- प्रतापगढ़ जनपद के बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार टेकीपट्टी में स्थित बिहारेश्वरनाथ धाम का जलाभिषेक हेतु बैठक आज। बिहार बाजार के बिहारेश्वरनाथ धाम मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 03/08/2022 को होने वाले जलाभिषेक हेतु मंदिर के कमेटी द्वारा बैठक की गई है। बैठक का आयोजन बिहार बाजार में स्थित हनुमान मंदिर के बगल स्टार मशीनरी स्टोर पर दोपहर 03:00 बजे रखा गया है।

## जनसेवा केंद्र संचालक आलोक पांडेय की हत्या मामले में तबरेज समेत दो हत्यारोपी गिरफ्तार

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ःझनवाबगंज थाना क्षेत्र के बिबियापुर निवासी आलोक उर्फ सोनू पांडेय (28) मानिकपुर के अलीगंज में जनसेवा केंद्र चलाता था। शनिवार रात करीब साढे.9 बजे वह केंद्र से बाइक पर घर जा रहा था। नवाबगंज के आलापुर रेलवे क्रॉसिंग पर वह रात में बाइक सहित पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे पहचान लिया। परिजन पहुंचे तो सीएचसी ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना स्थल पर कारतूस का खोखा मिला तो परिजन हत्या का आरोप लगाने लगे। शरीर पर गोली के निशान और चोट न दिखने के कारण पुलिस हत्या मानने को तैयार नहीं हुई। परिजनों की मांग पर पुलिस ने वीडियोग्राफी के बीच डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने की सिफारिश की। पोस्टमार्टम से पहले शव का एक्सरे कराया गया तो उसमें गोली नहीं दिखी। बाद में पोस्टमार्टम के दौरान सिर से गोली निकली तो हत्या की पुष्टि हुई।पुलिसिया रवैया से नाराज परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया जिसके बाद पहुंचे आला अधिकारियों ने किसी तरीके से समझा-बुझाकर मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए राजी किया। वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद पुलिस ने तबरेज समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया और तबरेज समेत दो हत्यारोपीयो को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। हालांकि अभी तीसरा हत्यारोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्दी ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जनसेवा केंद्र संचालक आलोक पांडेय की हत्या मामले में तबरेज समेत दो हत्यारोपी गिरफ्तार

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ःझनवाबगंज थाना क्षेत्र के बिबियापुर निवासी आलोक उर्फ सोनू पांडेय (28) मानिकपुर के अलीगंज में जनसेवा केंद्र चलाता था। शनिवार रात करीब साढे.9 बजे वह केंद्र से बाइक पर घर जा रहा था। नवाबगंज के आलापुर रेलवे क्रॉसिंग पर वह रात में बाइक सहित पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे पहचान लिया। परिजन पहुंचे तो सीएचसी ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना स्थल पर कारतूस का खोखा मिला तो परिजन हत्या का आरोप लगाने लगे। शरीर पर गोली के निशान और चोट न दिखने के कारण पुलिस हत्या मानने को तैयार नहीं हुई। परिजनों की मांग पर पुलिस ने वीडियोग्राफी के बीच डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने की सिफारिश की। पोस्टमार्टम से पहले शव का एक्सरे कराया गया तो उसमें गोली नहीं दिखी। बाद में पोस्टमार्टम के दौरान सिर से गोली निकली तो हत्या की पुष्टि हुई।पुलिसिया रवैया से नाराज परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया जिसके बाद पहुंचे आला अधिकारियों ने किसी तरीके से समझा-बुझाकर मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए राजी किया। वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद पुलिस ने तबरेज समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया और तबरेज समेत दो हत्यारोपीयो को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। हालांकि अभी तीसरा हत्यारोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्दी ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं त्वरित न्याय दिलाने हेतु गेस्ट हाउस अमेठी में जनसुनवाई का किया गया आयोजन।

*मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक।*

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी महिलाओं को उनके अधिकार, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को जागरूक करने व शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को जानकारी देने के उद्देश्य से आज जनपद अमेठी के गेस्ट हाउस में पूर्वान्ह 11.00 बजे मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अनीता सचान की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। उक्त जनसुनवाई में मा0 सदस्या के समक्ष 13 प्रकरण प्रस्तुत हुए जिनमें से मंजू निवासी जगदीशपुर द्वारा घरेलू हिंसा, नसीबुननिशा निवासी नरेनी द्वारा घरेलू हिंसा, खुशबू वर्मा निवासी अम्मरपुर द्वारा प्रेम प्रसंग, राजकुमार निवासी कोरारी मुंशीगंज द्वारा घरेलू हिंसा, संजू देवी निवासी सूरजगढ़ द्वारा मारपीट, आंचल वर्मा निवासी पूरेदेवीदास, गायत्री निवासी सहजीपुर भिठारी, पियारी निवासी रसूलपुर लिलहा थाना कुमारगंज अयोध्या द्वारा पति की हत्या, सोनाली निवासी पूरेरामदीन द्वारा मुआवजा, राम प्यारी निवासी महेशपुर मोचवा द्वारा मेडिकल प्रशिक्षण, ऊषा त्रिपाठी निवासी कलन्दरपुर मजरे हरिहरपुर द्वारा जमीनी विवाद, नीलम निवासी रामगढ़ महका अमेठी द्वारा जमीनी विवाद, ऊषा देवी निवासी सी0एच0सी0 संग्रामपुर द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए प्राप्त शिकायती प्रकरणों पर न्यायोचित समाधान दिलाये जाने का आश्वासन देते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके साथ ही मा0 आयोग की सदस्या ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार, यौन उत्पीडन, दहेज उत्पीडन, मानव तस्करी, भारत में महिलाओं की सम्पत्ति और भरण-पोषण अधिकार व घरेलू हिंसा तथा कन्या भ्रूण हत्या आदि जघन्य अपराध की



श्रेणी में आता है। इसके साथ ही सरयू देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टरमीडिएट कालेज केशव नगर अमेठी में अपरान्ह 01.00 बजे मिशन शक्ति फेज-4 के अन्तर्गत मुख्य अतिथि अनीता सचान द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसके उपरान्त छात्राओं ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। राज्य महिला आयोग की सदस्या ने उपस्थित बालिकाओं को स्वावलम्बन, उनके अधिकार, योजनाओं व शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर आदि के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार द्वारा निरन्तर कार्य किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा उक्त समस्त प्रकार की हिंसा को रोकने व उनकी समस्याओं के समाधान व उन्हें न्याय दिलाने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर व थानों में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की गयी है जहां पर महिलाओं द्वारा शिकायत की जा सकती है तथा महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076 आदि पर किसी भी समय अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि समाज में हो रही महिलाओं पर हिंसा, अत्याचार, घरेलू हिंसा आदि की शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही की जाती है जिससे महिलाओं को डरने व घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मा0 आयोग की सदस्या ने कहा कि यदि महिलाओं पर किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो उसकी सूचना महिला थाना अथवा हेल्पलाइन नंबर व उन्हें भी बिना डरे अवगत कराये जिससे कि त्वरित कार्यवाही के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। कार्यक्रम के अन्त में उन्होंने हाईस्कूल परीक्षा में जनपद स्तर पर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं कौमुदी सिंह, साक्षी, अंजली अग्रहरि, जान्हवी सिंह, लालिता पाण्डेय, सेजल मिश्रा, तान्वी सिंह, कीर्ति तिवारी, खुशी मौर्या, वर्षा तिवारी, भूमि सिंह, अर्पिता तिवारी, श्रेया व शिवांशु साहू को प्रशास्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनको सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन संजय सोनी तथा प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया उक्त जनसुनवाई व मिशन शक्ति अभियान के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी अजय यादव, महिला थानाध्यक्ष ममता रावत सहित अन्य सम्बन्धित गणमान्य उपस्थित रहे।

## बेखौफ चोरों ने बजरंगबली के मंदिर पर किया हाथ साफ।

*ले उड़े चांदी का मुकुट समेत लाखों रुपए का सामान।*

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़।

पट्टी तहसील के नगर इलाके में रजिस्ट्रार ऑफिस के पीछे नहर कॉलोनी में पुलिस कोतवाली से 200 मीटर दूर बजरंगबली का मंदिर 50 वर्ष पुराना है नगर के लोगों ने मिलजुल कर मंदिर का निर्माण करवाया था और मिलजुल कर ही पूजा करते हैं बताते हैं कि मंगलवार को मंदिर में कस्बे के लोगों ने सायं कालीन बेला पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन और भगवान शिव को अत्यंत प्रिय श्रावण मास के मंगलवार को कथा कीर्तन का आयोजन किए थे सुंदरकांड और कीर्तन भजन रात्रि 11:30 बजे तक चलता रहा भक्त उपस्थित रहे प्रसाद लेने के बाद सभी जब अपने अपने घर चले गए चोरों ने अवसर साध कर मंदिर में बजरंगबली की मूर्ति पर लगे 250 ग्राम की चांदी का मुकुट तीन पीतल के बड़ा घंटा और एक बड़ा घंटा तथा भगवान भोलेनाथ की मंदिर पर रखा तांबे का घड़ा और साउंड सिस्टम चोर लेकर उड़ गए। बुधवार की सुबह जब लोग मंदिर में पहुंचे पूजा पाठ करने के लिए तब घटना की जानकारी हो सके धीरे धीरे चोरी की घटना जंगल में आग की तरह फैल गई यही नहीं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामचरित्र वर्मा ने कहा कि इससे पहले भी चोरों ने अवसर साधा है और मंदिर परिसर से पहले भी चोरी हुई है जिसकी जानकारी पुलिस को दिया गया था किंतु अभी तक कोई भी चोर पकड़ा नहीं गया साथ ही उन्होंने कहा कि श्रावण मास में मंदिर परिसर में इस तरह की घटना हिंदुओं की जन भावनाओं को आहट कर दी है सक्रियता से जांच करके चोरों पर कार्यवाही होना चाहिए। कस्बे के सैकड़ों लोगों ने कोतवाली पट्टी पहुंचकर लिखित सूचना देकर जांच हुआ कार्यवाही की मांग किए हैं।

## पाली नगर में करंट लगने से बुरी तरह झुलसी बालिका

दैनिक समाज जागरण/ विष्णुकांत बाजपेई पाली, हरदोई । पाली नगर में दीवार पर चढ़ रही एक बालिका करंट की चपेट में आ गई । जिससे वह बुरी तरह झुलस गई । परिजन उसे आनन-फानन में एक निजी नर्सिंग होम पर लेकर गए, जहां उसका उपचार किया गया। पाली नगर के सरायसैफ मोहल्ले के अमरपाल की बेटी सोनम घर में खेलते समय दीवार पर चढ़ रही थी, इसी दौरान वह तेज करंट की चपेट में आ गई । दरअसल बारिश के चलते दीवार में करंट आ रहा था । करंट की चपेट में आने से सोनम बुरी तरह झुलस गई, यह देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई । आनन फानन परिजन उसे लेकर पाली नगर के एक निजी नर्सिंग होम पर पहुंचे । जहां उसका उपचार किया जा रहा हैं । पाली पीएचसी के प्रभारी डॉ आनंद शुक्ला ने कहा कि बच्चों को बारिश के मौसम के दौरान गीली जमीन, गीली दीवार और गीले सीढ़ियों पर जाने से रोके। इसके अलावा घर के आस-पास अगर विद्युत पोल लगा हो तो वहां भी बच्चों को जाने से रोके। क्योंकि इन जगहों पर बारिश के चलते करंट आ सकता है, इसलिए सावधानी जरूरी हैं।



## *योगी जी ! पाली नगर में जबरदस्त बिजली संकट*
## सोमवार और मंगलवार बुधवार को पूरे दिन भर गायब रही बिजली पूरी तरह चौपट हो चुकी है बिजली व्यवस्था

स्वदेश दैनिक समाज पाली हरदोई । पाली नगर में इस समय जबरदस्त बिजली संकट है. भीषण गर्मी के चलते जहां लोग परेशान हैं. तो उनकी इस परेशानी में बिजली की अघोषित कटौती इजाफा कर रही है. हालांकि पाली नगर में 36 घंटे में बमुश्किल 6 घंटे बिजली ही आई है।मंगलवार को सुबह गई बिजली शाम 5 बजे तक नहीं आई थी. बिजली समस्या को लेकर लोगों में जबरदस्त गुस्सा दिखाई दे रहा है. लेकिन पाली नगर की आवाम इतनी शांत प्रिय है. कि भले ही पूरा पखवारा बिना बिजली के ही गुजर जाए. लेकिन यहां के लोग उफ तक नहीं करेंगे। बताते चलें कि सरकार एक ओर समुचित बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने का दावा कर रही है. तो वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति की हकीकत कुछ और ही है. पाली नगर में रविवार की रात्रि से गायब बिजली सोमवार की देर शाम आई और उसके बाद मंगलवार की अल सुबह से गायब हुई बिजली मंगलवार की शाम 5 बजे तक नहीं आई थी. यहां हर रोज ट्रिपिंग होना, कई-कई घंटे रोस्टिंग होना, जर्जर लाइने हर रोज टूट कर गिरना, लो वोल्टेज जैसी समस्याएं बनी हुई है लेकिन इनका समाधान होता नजर नहीं आ रहा . पाली नगर के नागरिक इमरान खान ने बताया कि पाली नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है . शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं होती।बिजली समस्या के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा।एक अन्य नागरिक सरोज मिश्रा ने बताया कि बिजली आपूर्ति अत्यधिक लोड के चलते ध्वस्त हो रही है।उन्होंने कहा कि पाली विद्युत उपकेंद्र में नई मशीनें लगाई जाए, और नगर के भीतर नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। पाली नगर के नागरिक अंकित अवस्थी ने कहा कि बिजली एक गंभीर समस्या बन चुकी है, लोगों की अपेक्षाएं 18 से 20 घंटे बिजली की है, लेकिन बिजली 3 से 4 घंटे ही मिल पा रही है।पाली के ही नागरिक सुशील बाजपेई ने बताया कि नगर के जर्जर लाइनों को बदला जाए और ट्रांसफार्मरों की क्षमताओं को बढ़ाया जाए।

## आधार कार्ड बनाने में की जा रही अवैध वसूली को लेकर सीएम ने मारा छापा
### *सिटी मजिस्ट्रेट बोले अवैध वसूली व जालसाजी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी*

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई। आधार कार्ड वेल्डर विशाल सेठी द्वारा अधिक मूल्य वसूलने की शिकायत पर नगर मजिस्ट्रेट डा सदानन्द गुप्ता ने वेल्डर की शॉप छापा मारा। उन्होने वहां पर उपस्थित लोगों से बातचीत की और पाया कि लोगों से निर्धारित शुल्क 50 रूपए के स्थान पर 200 रूपए वसूल किये जा रहे थे और ग्राहकों को कोई रसीद भी नहीं दी जा रही थी। इनके द्वारा ग्राहकों को बीएसएनएल के सिम कार्ड भी अवैध रूप से बेचे जा रहे थे, जिसको लेकर बीएसएनएल की ओर से वेल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने हेतु शहर कोतवाली में तहरीर दी गयी है। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि अवैध वसूली व जालसाजी के विरूद्व नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



## कांवड़ियों पर कहीं बरसाए जायेंगे फूल तो कहीं कीचड़ से गुजर रहे

**दैनिक समाज जागरण पाली /हरदोई**। पांडव कालीन शिव मंदिर बिबियापुर जाने वाले हजारों भक्तों को उठानी पड़ रही परेशानी देवस्थान के महंत राम केवल मिश्रा ने विधायक हरि प्रकाश वर्मा से रोड सही कराए जाने की अपील की महंत राम केवल मिश्रा ने बताया विधायक ने संतोष जनक बात तक नहीं की।

### *नगर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पांडव कालीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर शिव भक्तों की आस्था का केन्द्र है।*

जानकारों के मुताबिक यहां पांडवो ने सैंकड़ो वर्ष पूर्व भगवान शिव की स्थापना करके पूजा अर्चना की थी । तभी यहां पर शिव भक्तों की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। भक्तों के मुताबिक यहां जो भी भगवान शिव की पूजा अर्चना करता है और जो भी पंचालघाट से जल यात्रा पैदल चलकर जल चढ़ाने आता है उसकी भगवान भोलेनाथ मनोकामना पूर्ण होती है।

इस देवस्थान पर लगभग 15 किलोमीटर की एरिया से भक्तगण पैदल चलकर जल चढ़ाने आते हैं। शंकर जी के पवित्र मास श्रावण में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ लगती है। प्रत्येक सोमवार और शिव तेरस को क्षेत्रीय लोग भगवान शंकर को जल चढ़ाने के लिए पांचाल घाट फरुर्खाबाद से गंगा तट पर स्नान करके जल भर के पैदल यात्रा के माध्यम से कांवड़ लेकर आते हैं। कावड़िया पांचाल घाट फरुर्खाबाद से पैदल चलकर हुल्लापुर अल्हागंज होते हुए कस्बा रामनगर बाया लालपुर इमलिया होकर बिबियापुर पांडव कालीन शिव मंदिर पर पहुंचते हैं। जहां हरदोई के थाना पचदेवरा की पुलिस के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहती है। पुलिस के माध्यम से कांवरियों को आसानी से जल चढ़ाने की व्यवस्था की जाती है। रास्ते की अगर बात की जाए तो प्रत्येक वर्ष पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा अल्हागंज से हरदोई बॉर्डर धानी नगला के सेढ़ा नाला तक शाहजहांपुर के द्वारा मरम्मत कार्य व गड्ढा बंद कराए जाते थे। सबसे ज्यादा समस्या इमलिया गांव में थी जिसे निवर्तमान विधायक शरदवीर सिंह ने दो वर्ष पूर्व आरसीसी रोड़ बनवाकर ग्रामीणों के साथ साथ शिव भक्तों को बड़ी सौगात दी थी। वर्तमान समय में आरसीसी रोड़ के आगे रास्ते में बड़े बडे.गड्ढे बने हुए हैं । जो शिव भक्तों के लिए बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। जो पंचालघाट फरुर्खाबाद से पैदल चलकर कांवड़ यात्रा लाते हैं




जो कि इन गड्ढों की वजह से जल यात्रा खंडित होने का डर बना हुआ है। सोमवार को नगर व गांव से जाने वाले शिव भक्तों के मुताबिक इमलिया गांव में बने गड्ढों से बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग गड्ढे में गिर गए जिसकी वजह से उन्हें वापस अपने घर लौटना पड़ा। शिव मंदिर के महंत राम केवल मिश्रा ने बताया कि भक्तों की समस्या को लेकर उन्होंने शहाबाद विधायक रजनी तिवारी से अपील की थी जिसको लेकर उन्होंने अनगपुर से मन्दिर गेट व सेढा नाला पुल तक पीडब्ल्यूडी के रोड को नए सिरे से बनवा दिया है। वहीं इस संबंध में अल्हागंज क्षेत्र से आने वाले भक्तों की इमलिया गांव में बने गड्ढों से होने वाली समस्या को लेकर जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा से बात की तो उन्होंने संतोषजनक बात तक नहीं की । जो उन्हें ऐसी उम्मीद नहीं थी। महंत रामकेवल मिश्रा ने बताया कि एक छोटे से काम के लिए तीन बार फोन किया तब बात हो सकी। वह भी निराधार साबित हुई । भाजपा सरकार में भाजपा विधायक से ऐसी उम्मीद नहीं थी।क्योंकि प्रत्येक वर्ष सावन माह से पूर्व ही पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अल्हागंज से सेडा नाला तक रोड सही किया जाता था। जब इस बार बीजेपी का विधायक हुआ तो भक्तों को दो फीट गहरे भरे कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। जिससे शिव भक्तों में रोष व्याप्त है। अब देखने वाली बात यह है कि क्या बीजेपी विधायक सरकार की मंशा के अनुरूप शिव भक्तों के लिए अगले सोमवार तक इस समस्या का समाधान करा पाते हैं या फिर कहीं कावड़ियों पर फूल की वर्षा तो कहीं कावड़ियों को कीचड़ की बौछार से गुजरना होगा।

## प्रधान पद के लिए 13 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ःझजमेठी के प्रधान के निधन के बाद जिला प्रशासन उपचुनाव करा रहा है। बुधवार को मृतक प्रधान के बेटे समेत 13 उम्मदीवारों ने प्रधान पद के लिए दावेदारी करते हुए नामांकन किया। 22 जुलाई को नामांकन वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन तथा चार अगस्त को मतदान होगा।कुंडा के जमेठी गांव के प्रधान श्यामलाल का पांच महीने पहले हृदयगति रुकने से निधन हो गया था। जिला प्रशासन ने उपचुनाव की घोषणा की तो बुधवार को कुंडा ब्लॉक में नामांकन हुआ। सहायक चुनाव अधिकारी राजबहादुर की देखरेख में मृत प्रधान के बेटे धर्मेन्द्र कुमार,जगदीश, जानकी, देवेन्द्र कुमार, द्वारिका प्रसाद, नंदलाल, राम मिलन, राम कृपाल, रंजीत कुमार, लल्लू, लीलावती, विटान देवी, सुरेश कुमार ने नामांकन किया। दो दिन में 13 नामांकन पत्रों का विक्रय हुआ और सभी ने नामांकन पत्र जमा किया। सहायक चुनाव अधिकारी राजबहादुर ने बताया 21 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच तथा 22 को नामांकन पत्रों की वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन होगा। चार अगस्त को मतदान कराया जाएगा। नामांकन के दौरान इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार दलबल के साथ डटे रहे।

## नामांकन शान्तिपूर्ण सम्पन्न ’

समाज जागरण अरुण शुक्ल सांगीपुर,, ब्लाक सभागार मे बुधवार को दस बजे से साम पांच बजे तक नामांकन हुआ जिसमे एक छेत्र पंचायत सदस्य तथा पांच सदस्यो का नामांकन होना था ’ मुस्तफाबाद द्वितीय से छेत्र पंचायत सदस्य रहे अनिल कुमार शुक्ल के निधन पर यह पद रिक्त था जो उनके छोटे भाई राकेश कुमार शुक्ला ने नामांकन किया ’ इस पद के लिये दो पर्चा बिका किन्तु एक ही पर्चा भरा कर जमा किया गया है साथ ही पांच सदस्यो मे वेवली वार्ड एक, जरियारी वार्ड दो, भन्वरी वार्ड दस, पद्माकर पुर वार्ड दस तथा वार्ड पन्द्रह से रिक्त पद था ’ इनका भी सभी पदो के लिये पर्चा भर कर जमा किया गया ’ गुरुवार को पर्चा की जांच किया जायेगा ’ और चार अगस्त को चुनाव होगा, तथा पांच अगस्त को मततगणना होगा ’

जो शान्तिपूर्ण नामांकन सम्पन्न हुआ, नामांकन मे सांगीपुर पुलिस शान्ति व्यवस्था के लिये लगाई गयी थी ’ सांगीपुर,, ब्लाक सभागार मे बुधवार को दस बजे से साम पांच बजे तक नामांकन हुआ जिसमे एक छेत्र पंचायत सदस्य तथा पांच सदस्यो का नामांकन होना था ’ मुस्तफाबाद द्वितीय से छेत्र पंचायत सदस्य रहे अनिल कुमार शुक्ल के निधन पर यह पद रिक्त था जो उनके छोटे भाई राकेश कुमार शुक्ला ने नामांकन किया ’ इस पद के लिये दो पर्चा बिका किन्तु एक ही पर्चा भरा कर जमा किया गया है साथ ही पांच सदस्यो मे वेवली वार्ड एक, जरियारी वार्ड दो, भन्वरी वार्ड दस, पद्माकर पुर वार्ड दस तथा वार्ड पन्द्रह से रिक्त पद था ’ इनका भी सभी पदो के लिये पर्चा भर कर जमा किया गया ’ गुरुवार को पर्चा की जांच किया जायेगा ’ और चार अगस्त को चुनाव होगा, तथा पांच अगस्त को मततगणना होगा ’

जो शान्तिपूर्ण नामांकन सम्पन्न हुआ, नामांकन मे सांगीपुर पुलिस शान्ति व्यवस्था के लिये लगाई गयी थी

## युवक की सूरत में चाकू मारकर हत्या,घर में मचा कोहराम

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार ,प्रतापगढ़ः-बाघराय थाना क्षेत्र के मलाक तिलहाई गांव निवासी अरविंद यादव 23 वर्ष पुत्र राम अभिलाष जोकि सूरत शहर के पांडेसरा थाना क्षेत्र के बढोद गांव में मैकेनिक का काम करता था। बीते रविवार को शहर में ही किसी की साइकिल से अरविंद की साइकिल टकरा जाने से कुछ विवाद हो गया और उसी विवाद को लेकर उस व्यक्ति ने अरविंद को सोते समय चाकू से मार कर हत्या कर दी। पीड़ित के परिजनों के तहरीर पर सूरत के स्थानीय थाना पांडेसरा मे आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है। बुधवार को शव जब अरविंद के घर पहुँचा तो परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पिता राम अभिलाष एवं मृतक का भाई विजय यादव मुन्ना यादव का रो रो कर बुरा हाल हुआ।



## सांसद विनोद सोनकर ने मृतक के। परिवार को मदद का दिया भरोसा

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ कुंडा तहसील के नवाबगंज थाना क्षेत्र के बिबियापुर गांव में बीते 16 जुलाई की रात राजेन्द्र पाण्डेय के बेटे आलोक पाण्डेय उर्फ शानू की हत्या तीन दिन पूर्व गोली मारकर की गई बुधवार को सांसद कौशांबी विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन मृतक के आवास पर पहुंच कर बेटे आलोक पाण्डेय उर्फ शानू की हत्या पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई। सांसद विनोद सोनकर जी ने मोबाइल से राजेन्द्र पाण्डेय से बात कर शोक व्यक्त किय हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि लोकसभा सत्र चलने के कारण सांसद जी दिल्ली में है। जल्द ही पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे।

इसके बाद आलापुर निवासी डॉ0 शिवेन्द्र त्रिपाठी के निधन पर शोक प्रकट किया गया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्र, मण्डल प्रभारी सन्तोष तिवारी, मण्डल महामन्त्री गौरव शुक्ल, अजय शुक्ल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बरसात होने से किसानों के चेहरे खिले,उमसभरी गर्मी से राहत
## *धान की रोपाई एवं खेती किसानी के कामों में तेजी आने की उम्मीद*


समाज जागरण निखिल कुमार त्रिपाठी कुंडा,प्रतापगढ़।इस मौसम में सावन की पहली बरसात होने से जहां खेती किसानी के कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।वहीं दूसरी ओर कस्बे के विभिन्न संपर्क मार्गों की सड़कों पर कीचड़ फैलने एवं जल भराव से राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

कुंडा तहसील क्षेत्र में दोपहर बाद से बरसात हुई।जिससे क्षेत्रीय किसानों के चेहरे पर खुशी नजर आई।धान की रोपाई की तैयारी के लिए किसानों ने खेती में जीतोड़ काम शुरू कर दिया है।रामप्रभु पटेल,शिवनाथ,किशोरी लाल आदि क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि यह बरसात खेती किसानी के लिए वरदान है।

## *आकाशीय बिजली गिरने से प्रौढ़ की हुई मौत*

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

गौरीगंज/अमेठी जानवर चराने गए प्रौढ़ की आकाशीय बिजली गिरने की वजह से मौत हो गई। सूचना पाते ही प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व टीम का दल पीड़ित के परिजनों के घर पर जाकर मिला, और उन्हें ढांढस बंधाया। तथा प्रशासन की ओर से हर सम्भव मदद दिलाए जाने का आश्वासन दिया। विदित हो कि कोतवाली गौरीगंज के पूरे फाजिल वासी बब्बन पुत्र बाबू खान उम्र 40 वर्ष बुधवार को जानवर चराने ले गए थे, अचानक हुई शाम को बारिश होने लगी, इस बीच आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी राकेश कुमार व तहसीलदार दिग्विजय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में दल मौकास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनो को ढांढस बधाया तथा हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। हृदय विदारक घटित घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पांच लडकी और एक लड़का है। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम को भेज दिया।



## स्वतंत्रता सेनानी विष्णुदेव नारायण सिंह के चिकित्सा के लिए निशुल्क व्यवस्था किया जाए।

जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार



मीडिया की सक्रियता के पश्चात प्रशासन की कुंभकर्णी निद्रा टूटी है, और महान स्वतंत्रता सेनानी विष्णुदेव नारायण सिंह के चिकित्सा के लिए प्रशासन की ओर से चिकित्सकों की टीम निजी अस्पताल में भेजा गया है। चिकित्सकों के अनुसार विष्णुदेव नारायण सिंह के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

समाचार पत्रों में प्रकाशन के पश्चात अस्पताल में उनके दर्शन के लिए लोगों की का तांता लगा हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य कारणों की वजह से लोगों को मिलने की अनुमति नहीं दिया जा रहा है। जगह जगह पर धार्मिक स्थलों पर उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। स्वतंत्रता सेनानी के प्रति प्रशासन का उदासीन रवैया आम जनों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने सरकार से स्वतंत्रता सेनानी विष्णुदेव नारायण सिंह का सरकारी खर्च पर इलाज का मांग किया है।

## विभिन्न मामलों के छह आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालये

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर मारपीट व शराब मामलों के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मारपीट मामले के आरोपित मय खैरा ग्रामीण बिरजा सिंह, पवन कुमार, परशुराम सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जबकि शराब मामले के आरोपित झौर ग्रामीण सोनू कुमार, धनंजय कुमार तथा आजमपुर मुसहरी के पुदीन मांझी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### मारपीट मामले की प्राथमिकी दर्ज

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के हैवतपुर गांव में मंगलवार को मामूली विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना से सम्बन्धित प्राथमिकी स्थानीय थाना मे दर्ज कराई गई है। पीड़ित प्रविला देवी के आवेदन पर गांव के ही श्रवण दास, बिपिन कुमार तथा मालो देवी को आरोपित किया गया है। बताया गया कि घर के पास रास्ते पर गोबर रखने को लेकर मारपीट की घटना घटी।

### दो गांव से 26 लीटर देसी शराब जप्त, एक गिरफ्तार

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो गांव में छापेमारी कर 26 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोवारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अब्दालपुरे गांव में छापेमारी कर कारोबारी मुनेश्वर मांझी को छह लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि जियापुर गांव के लालो चौहान की झोपड़ी नुमा घर से 20 लीटर देसी शराब जब्त किया गया। बाद में नई उत्पाद अधिनियम के तहत दोनों के विरुद्ध अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी कारोबारी को न्यायालय भेज दिया गया।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मिल्की घाट से खनन विभाग की टीम व वारिसलीगंज पुलिस के संयुक्त छापेमारी में एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। बाद में खान निरीक्षक के आवेदन पर वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ जब्त ट्रैक्टर के विरुद्धे 28225 रुपये का जुमार्ना भी किया गया है।

## महिला थाना कांड संख्या - 35 / 2021 में न्यायालय ने सुनाई सजा

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) व्यवहार - न्यायालय



औरंगाबाद में ए0डी0जे0 सह स्पेशल पोक्सो - कोर्ट, ब्रजेश कुमार पाठक ने महिला थाना कांड संख्या - 35 /2021 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एक मात्र काराधिन बंदी, जगदेव नगर निवासी, छोटु कुमार को छेड़खानी मामले में निम्न धारा में सजा सुनाई है ! स्पेशल पी0पी0 शिवलाल मेहता ने बताया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा - 354 ए0 में तीन साल की सजा एवं तीन हजार जुमार्ना, धारा - 8 पोक्सो और धारा 12पोक्सो में भी यही सजा सुनाई है, तथा जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास सजा के अलावे होगी !

## औरंगजेब खान को बनाया गया औरंगाबाद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष

समाज जागरण

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) बिहार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तुफैल खान कादरी के निर्देशानुसार औरंगाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने मो0 औरंगजेब खान, ग्राम - बसंत, थाना -



सलैया, रफीगंज को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष के रूप मे मनोनित किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि औरंगजेब खान पार्टी के समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ता है ! इनके मनोनीत होने से जिला में संगठन मजबूत होगा। इनके मनोनीत होने पर सांसद, सुशील कुमार सिंह, भाजपा नेता, सुनील सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष, बबुआ जी, मनोज शर्मा, जिला - महामंत्री, मुकेश सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष, विनय सिंह, जिला - उपाध्यक्ष, दिनानाथ विश्वकर्मा, पुर्व जिला - महामंत्री, मनीष राज पाठक, आलोक सिंह, हुमायूं अंसारी, प्रदीप चौरसिया, अशोक सिंह, अनिल सिंह, अनिता सिंह,भरत सिंह, सुबोध सिंह एवं भाजपा जिला पदाधिकारी, मंच मोर्चा,जिला - संयोजक, जिला कार्य - समिति - सदस्य, मंडल अध्यक्ष तथा भाजपा कार्यकर्ताओ ने हर्ष ब्यक्त किया है। इसकी जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी, मितेन्द्र कुमार सिंह ने दिया है।

## समाजसेवी ने उठाया कुथार्वाशियों की प्यास बुझाने का जिम्मा आठवे दिन भी टैंकर से हो रही पेयजल की आपूर्ति

समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार कुर्था कुर्था (अरवल) एक तरफ जहां लगतार जलस्तर गिर रही है तो दूसरी तरफ राज सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना के तहत भी लोगों को पेयजल की सुविधा मुहैया नहीं हो रही है। वहीं जल स्तर में गिरावट की वजह से कई चापाकल पानी देना बंद कर दिया है।ऐसे में कुर्था के समाजसेवी अभिषेक शर्मा ने कुर्था वासियों को प्यास बुझाने का जिम्मा उठाया है और इसी के तहत विगत आठ दिनों से नगर पंचायत कुर्था के विभिन्न गांवो के लोगों को टैंक लोरी के माध्यम से निशुल्क पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है। इस संबंध में समाजसेवी अभिषेक शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत वासियों की इन दिनों पेयजल की समस्या विकराल रूप ले रहे थे। जिसकी वजह से देखने को मिल रहा था आए दिन लोग पेयजल के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। नगर



पंचायत के कई वार्ड में पेयजल की समस्या गंभीर रूप से छाई थी। ऐसे में हमने कुर्था वासियों को प्यास बुझाने की ठानी और इससे ज्यादा हमने विगत आठ दिनों से लगातार नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में निशुल्क पेयजल आपूर्ति करा रहे हैं ताकि लोगों को किसी भी तरीके से प्यास बुझ सके। हालांकि ग्रामीणों ने अभिषेक शर्मा के द्वारा किए जा रहे हैं सराहनीय कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की है। ग्रामीण कहा कि एक तरफ जहां सरकार के सारे सिस्टम हाथ खड़े किए हुए हैं। ऐसे में एक समाजसेवी ने हमलोगों को लोगों का प्यास बुझाने का जिम्मा उठाया है या काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि विगत कई माह से समाजसेवी अभिषेक शर्मा द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों को निशुल्क राशन भी मुहैया कराई जा रही है लेकिन जब जलस्तर में लगातार गिरावट हुई तब उन्होंने टैंक लोरी के माध्यम से जो पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए उठाया है वह अपने आप में एक सहारनीय पहल है ।

## सचिव ने पीड़िता को प्रदान किया ,मुआवजे से सम्बन्धित 08 लाख रुपया का चेक।

अजय कुमार पाण्डेय
दैनिक समाज जागरण

औरंगाबादः ( बिहार ) अपर जिला एवं सत्र - न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव, प्रणव शंकर द्वारा मोटर दुर्घटना वाद संख्या - 17 /2021 में मृतक राम सकल यादव उर्फ पिन्टु यादव की पत्नी सरीता देवी को 08 लाख रुपया का चेक प्रदान किया गया ! उक्त वाद का मृतक राम सकल यादव उर्फ पिन्टु यादव, कन्हाई बिगहा निवासी थे, और दिनांक 24 जुलाई 2018 की सुबह में ईट खरीदने के लिए औरंगाबाद वाईपास की ओर गया था ! उसी काम को करने के बाद अपने घर कन्हाई विगहा अपनी स्पलेण्डर मोटर साईकिल जिसका पंजीयन संख्या - बी0आर026एच0 - 2306 से घर आ रहा था ! तभी एन0एच0 - 02 पर दक्षिण लेन पर डा0 आसीत रंजन क्लिनिक के पास पहुँचा, तो राजस्थान राज्य की ट्रक संख्या - आर0जे020जी0बी0 - 5062 जो काफी तेजी एवं लापरवाही से चला रहा था ! पिन्टु के मोटरसाईकिल में धक्का मार दिया, जिससे पिन्टु यादव काफी जख्मी होकर गिर गया, और उसी समय उसकी मृत्यु हो गयी। चेक प्रदान करते हुए सचिव द्वारा पीड़िता को



बताया गया कि चेक से सम्बन्धित राशि को परिवार के कल्याण में लगाएं, तथा भविष्य के लिए अधिक से अधिक पैसे को बैक में जमा कराएं, जिससे कि बच्चे के लालन - पालन और शिक्षा पर खर्च करने मे तथा भविष्य में किसी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। हाल में ही सम्पन्न राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उक्त वाद को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था, जिसका लाभ मृतक के पत्नी को चेक प्राप्त होते ही तत्काल आर्थिक लाभ पहुँचानें की कार्रवाई की गयी। प्राधिकार सचिव सह अपर जिला एवं सत्र - न्यायाधीश, प्रणव शंकर ने बताया कि आगामी 13 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का पुनः आयोजन होना है, और सम्बन्धित पक्ष से अपील किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण करवाएं, और त्वरित लाभ प्राप्त करें। अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन हेतु किसी भी कार्य दिवस को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है ! राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है, जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है, और इसके लिए प्राधिकार जोर - शोर से तैयारी कर रहा है

## साइकिल की दुकान में अज्ञात लोगों ने लगाई आग

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

प्रखंड क्षेत्र के मौलानगर गांव स्थित एक साइकिल की दुकान में बीती रात्रि अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगा दी गई जिससे दुकान में रखे गए सारा सामान जलकर आग की भेंट चढ़ गए तथा इस संदर्भ में पीड़ित मोहम्मद जसीम केसर मोहम्मद शहीद के द्वारा स्थानीय थाना मानिकपुर थाने में आवेदन दिया गया है तथा जिसकी मानिकपुर थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार



ने पुष्टि की है पीड़ित मोहम्मद जसीम ने अगलगी की घटना को लेकर 5 लोगों के खिलाफ थाने में आवेदन दिया गया है जबकि मानिकपुर पुलिस आवेदन देते ही घटना की जांच में जुट गई है एवं थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार के द्वारा बताया गया कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे उसके ऊपर निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी

## समारोह आयोजित कर शिक्षक को दी गई विदाई

समाज जागरण

पकरीबरावां(नवादा) पकरीबरावां प्रखंड के ज्यूरी पंचायत मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रामप्यारे प्रसाद की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा ने की। वहीं, कार्यक्रम का संचालन प्रखंड शिक्षक संघ के अध्यक्ष शम्भू कुमार ने किया। शिक्षकों द्वारा उन्हें बुकें देकर सम्मानपूर्वक विदाई दिया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा ने कहा कि रिटायर हो रहे शिक्षक रामप्यारे प्रसाद शिक्षा विभाग में 15 साल तक अपनी सेवा दी है। उन्होंने कहा कि एक मार्च 2007 को श्री प्रसाद ने शारिरिक शिक्षक के रूप में अपनी सेवा प्रारंभ की थी। रामप्यारे प्रसाद सरल व्यक्तित्व के धनी, अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह और शिक्षक की सेवा शर्तों पर हमेशा खरे उतरे। उन्होंने



विद्यालय को सजाने- संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उनसे कई शिक्षकों ने काफी कुछ सीखा है। उन्होंने कहा विदाई के समय कष्ट होना स्वाभाविक है, लेकिन यह नौकरी की एक अनिवार्य प्रक्रिया है। खुशी इस बात की है कि बिना किसी अवरोध के श्री प्रसाद ने अपना समूचा कार्यकाल निर्विघ्न रूप से पूरा किया। वहीं, शिक्षक विद्याभूषण दिनकर ने रामप्यारे प्रसाद को एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक करार दिया। संकुल संचालक मणिकांत झा ने कहा कि शिक्षक होना इतना आसान नहीं है, लेकिन रामप्यारे से हम लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिला है।

मौके पर पूर्व समन्वयक विद्याभूषण, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. फोजैल रजी, शिक्षक प्रहलाद कुमार, विद्याभूषण दिनकर, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, लक्ष्मण यादव, सुदामा कुमार, शिक्षिका भारती कुमारी, विभा कुमारी, शशि कुमारी, सुशीला कुमारी के अलावे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी।

## मोर्चा के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल को महामहिम राज्यपाल से मिलने का समय निर्धारित करने के लिये अध्यक्ष नें कुलपति को सौंपा मांग पत्र

समाज जागरण मधेपुरा।

बीएन मंडल विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर आरकेपी रमण को वित्त रहित कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज भटनागर ने आग्रह पत्र सौंपकर कहा है कि 3 अगस्त 2022 को बीएन मंडल विश्वविद्यालय में चौथे दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति का कार्यक्रम निर्धारित है हम वित्त रहित कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि उक्त अवसर पर मोर्चा की ओर से महामहिम कुलाधिपति महोदय का स्वागत किया जाए तथा संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षकों व कर्मियों की समस्याओं से अवगत कराने के लिए मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाए समय निर्धारित करने की कृपा की जाए ताकि मिनट 2 मिनट कार्यक्रम




माननीय कुलपति से निवेदन किया है कि शिक्षकों की भावनाओं का कद्र करते हुए मोर्चा के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल को महामहिम राज्यपाल व कुलाधिपति से मिलने का में शामिल किया जाए जिसकी प्रतिलिपि राज भवन पटना आयुक्त कोसी प्रमंडल सहरसा जिला पदाधिकारी मधेपुरा को ईमेल के जरिए भेजी गई है

## मानिकपुर पुलिस ने नामजद अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण लखीसराय

जिले के मानिकपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है तथा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मोहम्मद पप्पू उर्फ मोहम्मद समीर है जिसके ऊपर थाने में थाना कांड संख्या 159/22 था जिसके आलोक में मानिकपुर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को लखीसराय जेल भेजा गया है उक्त जानकारी मानिकपुर थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने दी है

## वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज शांतिपुरम सूर्य वारसलीगंजः वारिसलीगंज की होनहार बेटी आरती का चयन भारतीय रग्बी टीम में।

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-हौसला अगर आसमान छूने की हो, तो कोई भी ताकत आपको आगे बढ़ने से रोक नहीं सकता है। इस उक्ति को साबित कर दिखाया है। किसान घर में जन्मी नवादा जिले के वारिसलीगंज पटेल नगर निवासी संजय कुमार और गृहणी मंजू देवी की पुत्री आरती कुमारी ने। पढ़ाई के साथ साथ समय मिलने पर खेत, खलिहान व चीनी मिल के मैदान में अभ्यास करते हुए आज 19 वर्ष की उम्र में भारतीय रग्बी टीम का हिस्सा बन देश के लिए खेलेगी।

वारिसलीगंज की आरती और और नालंदा जिला के श्वेता शाही का चयन भारतीय रग्बी टीम के लिए किया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के डीजी रविंद्रन शंकरन ने बताया कि




बिहार की दोनों बेटियों का चयन भारतीय रग्बी टीम के लिए किया गया है। जो होने वाली एशियाई रग्बी 07 चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम की हिस्सा होगी।

इससे पूर्व 2021 में ताशकंद में आयोजित अंडर 18 बालिका एशियन रग्बी चैंपियनशिप में भारत की ओर से खेलते हुए आरती ने देश को रजत पदक दिलाने में सफल रही थी। रजत पदक लेकर वतन लौटने के बाद होनहार बेटी का स्वागत देश के कई संस्थानों में किया गया था। गांव की गलियों और खेतों में खेलने का अभ्यास करते हुए वारिसलीगंज की बेटी भारतीय टीम का हिस्सा बनने जा रही है। इसकी जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रवासियों ने होनहार बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ बिग्रेड के सदस्यों ने जल संकट को ले केरल के पूर्व राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

### मोहल्लों में वाटर सप्लाई की योजना लागू करने की मांग केरल के पूर्व राज्यपाल ने कहा कि जल्द होगी समस्या दूर।

अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ
दैनिक समाज जागरण

औरंगाबाद (बिहार) 20 जुलाई 2020:- केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार से मिलकर अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ बिग्रेड के सदस्यों ने औरंगाबाद शहर में उत्पन्न जल संकट से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिसका नेतृत्व मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने किया। कांग्रेस नेता सल्लू खान ने पूर्व राज्यपाल को बताया कि औरंगाबाद शहरवासी भीषण जल संकट से त्रस्त हैं। शहर के कई मोहल्लें श्रीकृष्ण नगर, ब्लाक, कर्मा रोड, सर्वोदय नगर, चित्रगुप्त नगर, नावाडीह सहित कई मोहल्लों में अधिकांश घरों में भूतल स्तर नीचे जाने के कारण बोरिंग मोटर सब फेल हैं। लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर यहां के समाजसेवी और जनता ने पानी मुहैया कराने के विषय में जानकारी दी तथा पानी का व्यर्थ बबार्दी ना हो इस ओर ध्यान आकृष्ट किया। विगत कई वर्षों से गर्मी के मौसम में ऐसा होता चला आ रहा है, लेकिन इस वर्ष इंद्र भगवान के कोप से यह संकट गंभीर रूप धारण कर लिया है। उक्त मोहल्लों में पानी के लिए कोई भी सरकारी योजना लागू नहीं है। जिस कारण हम सब बूंद -बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

श्रीकृष्ण नगर मुहल्ले में बोरिंग के फेल होने से कई लोगों ने यहां से पलायन कर दिया। इस बार समय से



बारिश नहीं हुई है और इस वजह से भी जलस्तर तेजी से खिसका है। कई मोहल्लों में 130 फीट से ज्यादा बोरिंग होने के बावजूद पानी नहीं है। कई जगहों पर तो 200 फीट तक बोरिंग की गई और पानी नहीं मिला। अंधाधुंध बोरिंग होने की वजह से समस्या बढ़ी है। उन्होंने पूर्व राज्यपाल से मांग किया कि भीषण जल संकट को देखते हुए शीघ्र शहर के मोहल्लों में वाटर सप्लाई की योजना लागू की जाए ताकि आम लोग पानी बिना शहर छोड़ने को मजबूर न हो। लोग पानी के लिए नल के बजाय चापाकल पर ही निर्भर हैं। इतना ही नहीं, लोगों को चापाकल पर पानी के लिए घंटों इंतजार भी करना पड़ता है।जहां सुबह व शाम के समय स्वच्छ जल के लिए लोगों की लंबी कतार लग जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व गांव में नल-जल योजना के तहत जलमीनार का निर्माण किया गया था और हर घर में नल भी लगाई गई थी, लेकिन शुरूआती दो-चार दिनों के बाद नल ने जल देना बंद कर दिया। लोगों का कहना है कि नल से जल देने का सरकार का दावा यहां खोखला साबित हो रहा है। लोग समस्या से काफी आक्रोशित हैं। कहते हैं कि पानी के अभाव में लोग ठीक से स्नान भी नहीं कर पाते। बता दें कि बेतहाशा गर्मी में जिला एवं शहरी के लोग पानी संकट से जूझ रहे इस समस्या को देखते हुए कांग्रेसी नेता मो. शाहनवाज रहमान और सल्लू खान सहित ने वाहन से पानी पहुंचा रहे हैं। इस मौके पर अरविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, राशिद अली खान, पप्पू सिंह, श्यामबिहारी सिंह, प्रो. विजय सिंह, रिपसूदन सिंह, चूलबुल सिंह, शंभू सिंह, जोगिंदर सिंह सहित उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को किया जागरूक

समाज जागरण लखीसराय

जिले के पीरी बाजार थाने में कार्यरत अग्निशमन कर्मी अखिलेश कुमार को मध्य विद्यालय मुस्तफापुर शिक्षा चल कजरा सूर्यगढ़ा के प्रधानाध्यापक विनोद पासवान के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आलोक में अग्निशमनकर्मी अखिलेश कुमार के द्वारा विद्यालय के सारे शिक्षक और स्कूली बच्चों की मौजूदगी में गैस सिलेंडर में माचिस से आग लगाकर डेमो दिखाया गया तथा खासकर विद्यालय के रसोईया को आग से बचाव एवं सावधानी को लेकर मौखिक तौर पर



भी जागरूक किया गया अग्निशमन कर्मी अखिलेश कुमार के द्वारा लगातार स्कूली बच्चों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है

## छात्र राजद ने कुलपति को स्नातक फीस वृद्धि और बीएड एमएड शुल्क कम करने को लेकर दिया मांग पत्र।

समाज जागरण मधेपुरा।

छात्र राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर बीएनएमयू लालू नगर मधेपुरा के कुलपति प्रोफेसर डॉ. आर के पी रमण से मुलाकात कर स्नातक फीस वृद्धि और बीएड एमएड शुल्क कम करने को लेकर दिया मांग पत्र सौंपा ।बीएनएमयू के छात्र अध्यक्ष अजय राज उर्फ किशोर यादव ने कहा कि वर्तमान में चल रहे स्नातक प्रथम खंड परीक्षा प्रपत्र में एक समान शुल्क नहीं लिया जा रहा है सभी कालेज में एक समान शुल्क नही लिया जा रहा है हम लोगों का मांग है प्रपत्र शुल्क कम करने के साथ विश्वविद्यालय खुद शुल्क लेने का काम करें क्योंकि महाविद्यालयों में अनाप शनाप शुल्क लिया जा रहा है वहीं बीएनएमयू अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में सरकार और कुलपति के आदेश की अवहेलना करते हुए छात्राएं से भी नमांकन शुल्क लिया जाता है हमलोग लगातार आपत्ति जताते हुए आंदोलन भी किऐ थे लेकिन बार बार गलती करना कहीं से ठीक नहीं। वहीं प्राईवेट कालेजों में तो शुल्क की कोई सीमा ही नहीं जो मन में आया वही लेगा ।स्नातक प्रथम खंड में सैकड़ों छात्रों का पंजीकरण नहीं हो पाया है उन्हें एक मौका दिया जाए ।

वहीं मौजूद छात्र राजद के प्रदेश महासचिव इसा असलम और माधव कुमार ने कहा कि पेट २०२१ की



परीक्षा की तिथि क्यों नहीं दी जा रही जबकि सत्र लेट चल रही है विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण छात्रों का भविष्य दांव पर है छात्र इंतजार में हैं आखिर कब निकलेगी नोटीफिकेशन , वहीं स्नातक द्वितीय खंड का मार्क सीट छात्रों को अभी तक नहीं दिया गया , जल्द उपलब्ध कराई जाए ।

वहीं मौजूद छात्र राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष सोनू यादव और जापानी यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय केंपस में वर्षों से चल रहे बीएड,एमएड में नन टेक्निकल स्टाफ नहीं है किसी तरह विभाग चल रही है लेकिन छात्रों से शुल्क पुरा लिया जा रहा है जो गलत है ।विभाग सेल्फ फाइनेंशियल कोर्स हैं साथ ही छात्रों के ही शुल्क से विभाग चलती है जब विभाग में नन टेक्निकल स्टाफ नहीं है तो शुल्क क्यों विश्वविद्यालय प्रशासन या बहाली करें या छात्रों के शुल्क मे बीस हजार कम करें।

मौके मौजूद छात्र राजद के विश्वविद्यालय सचिव रौशन कुमार, टीपीसीअध्यक्ष निखिल कुमार,उपाध्यक्ष राजा कुमार, प्रवीण कुमार, पीएससी उपाध्यक्ष सुमन कुमार, छोटू कुमार, रंजीत कुमार, नीतीश कुमार,आयुष कुमार, प्रिंस कुमार, विकास कुमार,छोटू यादव रनवीर कुमार आदि मौजूद थे ।

## सड़क हादसे में दो युवक घायल

समाज जागरण लखीसराय

लखीसराय सूर्यगढ़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के रतनपुर गांव के समीप बाइक पर जा रहे दो लोग बाइक के अनियंत्रित होने से 2 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए इसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सूर्यगढ़ा पीएससी ले जाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु लखीसराय सदर अस्पताल भेजा गया लेकिन दोनों युवकों की की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल में कार्य स्वास्थ्य कर्मियों ने पीएमसीएच पटना रेफर किया है तथा इस संदर्भ में स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक लखीसराय से अपने घर सूर्यगढ़ा की ओर जा रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए घायलों में से सखीचंद पेशर चंद्रदेव यादव और पुलिस यादव पेसर रामप्रवेश यादव है जिनकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है

## पनोरमा ग्रुप ऐसे प्रतिभावान छात्रों को आगे बढ़ने में हमेशा कर रहा है मदद।

**समाज जागरण पूर्णिया।**

आईसीएसई स्टेट टॉपर सीमांचल की बेटी नेहा को उनकी शानदार उपलब्धि पर पनोरमा पब्लिक स्कूल सह पनोरमा ग्रुप 1 लाख 1हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगा। पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने नेहा ठाकुर को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री मिश्रा ने कहा कि सीमांचल में प्रतिभा की कमी नहीं है। पनोरमा ग्रुप ऐसे प्रतिभावान छात्रों को आगे बढ़ने में हमेशा मददगार रहेगा। गौरतलब है कि सहरसा के चैनपुर की रहने वाली नेहा ठाकुर पटना के कार्मेल हाई स्कूल की 10 वीं की छात्रा हैं। उन्होंने आईसीएसई की अखिल भारतीय मेरिट सूची में देश में दूसरा और राज्य में पहला स्थान हासिल किया है।

नेहा के माता-पिता दोनों इंजीनियर हैं।

उनके पिता संजीव कुमार बजाज



ऑटोमोबाइल में इंजीनियर हैं, जबकि मां कृपलानी कुमारी इंजीनियर से गृहिणी बनी हैं।

नेहा ने कहा,ह्लमैं अच्छे अंकों की उम्मीद कर रही थी लेकिन मुझे स्टेट टॉपर बनने की उम्मीद नहीं थी। मैं अपने अंकों से बेहद खुश हूं। मेरे माता-पिता मुझपर गर्व महसूस कर रहे हैं। नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। कार्मेल हाई स्कूल की नेहा 99.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि माता-पिता ने पढ़ाई के दौरान बहुत मदद की है। पढ़ाई से संबंधित जो भी आवश्यकता होती थी, उसे सबसे पहले पूरा किया जाता था। स्कूल के शिक्षकों की भी बहुत मदद मिलती थी। जब कभी किसी प्रश्न में परेशानी होती थी तो उसमें शिक्षक बड़े आराम से समझा दिया करते थे।

## वीमेंस कॉलेज के प्रिसिपल ने कुलसचिव से महाविद्यालय में नामांकन सुविधा देने की मांग।

**समाज जागरण मधेपुरा।**

जिला मुख्यालय स्थित वीमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम मधेपुरा (बिहार) यू० जी० सी० द्वारा प्रस्तावित मॉडल कॉलेज भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा की संबंध इकाई है ।सत्र-2022-23 में औपबंधिक / अस्थायी संबंधन के रूप में नामांकन सुविधा प्रदान करने के संबंध में महाविद्यालय की प्रधानाचार्य नें कुल सचिव भू० ना० मंडल विश्वविद्यालय, लालू नगर, मधेपुरा को आवेदन दे कर बढ़ती हुई छात्राओं की संख्या एवं माननीय मुख्यमंत्री का छात्राओं के लिए चलाए जा रहे अभियान को देखते हुए चालू सत्र में नामांकन लेने हेतु विश्वविद्यालय स्तर से आदेश देने की मांग की है ।दी गई आवेदन में लिखा गया है कि वीमेंस कॉलेज कौशल्या, ग्राम मधेपुरा के स्थाई संबंधन में जमीन शहरी क्षेत्र में ना होने के कारण संबंधन प्रस्ताव अस्वीकृत / संसूचित किया गया था। प्रबंध समिति द्वारा जमीन की व्यवस्था शहरी क्षेत्र में की गई। निशुल्क निबंधन के लिए जिला



पदाधिकारी मधेपुरा को दिनांक 05.11.21 को लिखा गया। जिला पदाधिकारी महोदय के आदेश से दिनांक 01.06.22 को निशुल्क निबंधन हेतु पत्र प्राप्त हुई।दिनांक 05.07.22 को रजिस्टर मधेपुरा के यहां जमीन 02 एकड़ 64 डी० 49 वर्ग कड़ी विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम मधेपुरा के नाम से निबंधित करा ली गई है।

ज्ञात हो कि समाहरणालय स्तर पर प्रक्रिया पूरी करने में लगभग 07 माह का समय लग गया जिस कारण जमीन निबंधन में विलंब हो गया।

दाखिल-खारिज हेतु आवेदन अंचलाधिकारी के यहां की गई है।

अतः अनुरोध है कि 2022-23 में औपबंधिक/अस्थायी संबंधन के रूप में नामांकन की अनुमति प्रदान की जाए। साथ ही कमी की पूर्ति को देखते हुए स्थाई संबंध प्रदान की जाए। ताकि छात्राओं को असुविधा ना हो। बढ़ती हुई छात्राओं की संख्या एवं माननीय मुख्यमंत्री का छात्राओं के लिए चलाए जा रहे अभियान को बल मिल सके। आवेदन की प्रतिलिपि

महामहिम कुलाधिपति महोदय, बिहार पटना, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार पटना, माननीय शिक्षा मंत्री, बिहार पटना, निदेशक उच्च शिक्षा,बिहार पटना को भी भेजी गई है ।

## एएनएम की साप्ताहिक बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की रणनीति पर हुआ विचार

### एएनएम प्रत्येक वीएचएसएनडी साइट पर कम से कम 55 लाभुकों को उपलब्ध करायें जरूरी सेवाएं

**समाज जागरण अररिया ।**

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को को लेकर जरूरी प्रयास जारी है। मातृ शिशु मृत्यु दर के ममालों में कमी लाने सहित विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों के आधार पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में हर कदम-बढ़ते कदम नाम से विशेष अभियान चल रहा है। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में मंगलवार को आयोजित एएनएम की सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक में अभियान के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। गौरतलब है कि सभी स्वास्थ्य इकाईयों में बैठक के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलास्तर से वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। इसी क्रम में अररिया पीएचसी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता डीआईओ डॉ मोईज ने किया। वहीं फारबिसगंज में वीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह, नरपतगंज में एसीएमओ डॉ राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। शेष प्रखंडों में सहयोगी संस्था के प्रतिनिधियों की देखरेख में बैठक हुई ।

**स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार को लेकर की जा रही जरूरी पहल :**

अररिया पीएचसी में एएनएम की बैठक को संबोधित करते हुए डीआईओ डॉ मोईज ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर



जिले में विशेष पहल की जा रही है। जो मातृ-शिशु मृत्यु दर के मामलों में कमी लाने व विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांक में सुधार के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके तहत स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार, हर एक व्यक्ति तक सेवाओं की पहुंच, लाभुक व सेवाप्रदाता के बीच बेहतर समन्वय व विश्वास का माहौल पैदा करने के लिये कुछ लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। इसे लेकर विशेष प्रयास करने की जरूरत है।

**वीएचएसएनडी सत्र पर 55 लाभुकों को सेवा उपलब्ध कराना लक्ष्य :**

बैठक को संबोधित करते हुए पीएचसी प्रभारी डॉ जावेद ने कहा कि स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिये तैयार रणनीति के तहत प्रत्येक वीएचएसएनडी सत्र में कम से कम 55 लाभुकों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। प्रति सत्र चार-चार गर्भवती महिलाओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ एएनसी जांच सुनिश्चित कराया जाना है। प्रति सत्र दो प्रसव संबंधी जटिल मामलों को चिह्नित किया जाना है। कम से कम 05 योग्य दंपति को परिवार नियोजन संबंधी उपलब्ध विकल्पों के प्रति जागरूक करना, 05 किशोरों को अल्बेंडाजोल, आईएफए की दवा वितरण, पोषक क्षेत्र के कम से कम 15 लोगों को ओपीडी की सेवा मुहैया कराया जाना है। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिहाज से उन्होंने एएनएम की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित व पुरस्कृत करने की योजना है। जिलाधिकारी अपने स्तर से अभियान की मॉनेटरिंग का जिम्मा संभाल रहे हैं।

## रंगदारी मामले में स्मैक के साथ दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा गया न्यायालय।

**दैनिक समाज जागरण**
**सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

बिहटा थानाक्षेत्र के गुलटेरा बाजार स्थित गणपति इलेक्ट्रिक दुकान से दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने दुकान पर कल पहुंचकर अपने आका से फोन से बात कराते हुए लाखों रुपए की रंगदारी मांगी थी और उनलोगों का कहना था की अगर नहीं दिया तो जान से मारने की धमकी दे रहा था,वही इसमें एक बड़ी बात निकलकर सामने आयी है की वो मानिक गैंग के उज्जवल के साथ दोनों मिलकर काम करते थे, वही आज

गिरफ्तार युवक की पहचान सुभम कुमार जिसका ग्राम अजवा और अतुल राज जिसका ग्राम परसा नौबतपुर, पिता मनोज कुमार के रूप में हुई थी,



बात निकलकर सामने ये भी आयी है की शुभम, अतुलराज जो अंचलाधिकारी अंचलाधिकारीमानिक गैंग का था, वही शुभम के पास 23पुरिया स्मैक और अतुल के पास 32पुरिया स्मैक बरामद किया गया जिसका कुल वजन 17 ग्राम जो की बिहटा के अंचलाधिकारी कन्हैया लाल ने वजन करवा के ये बात बोले, वही तीसरा युवक मोहित कुमार, जिसके पिता कमलेश उपाध्याय घर अजवा अभी फरार चल रहा है, वही दोनों अभियुक्त को बिहटा पुलिस ने आज न्यायलय भेज दिया है दोनों के पास से मोबाइल भी बरामद किया गया है।

## हर वर्गो के लोगो ने लिया राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

गौरा बौराम प्रखंड के ग्राम आधारपुर मैं राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में गोरा बौराम विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अफजल अली खान ने संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के आवाहन पर पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत आज आधार पूर में सदस्यता अभियान चलाया गया तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आने वाले दिन में बिहार में सरकार बनाई जाएगी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने स्पष्ट रूप से कहा है राष्ट्रीय जनता दल ए टू जेड की पार्टी है जिसमें सभी जाति सभी धर्म के लोगों का स्थान है आज ग्राम आधार पुर में बहुत बड़ी संख्या में ब्राह्मण समुदाय पासवान समुदाय के लोग एवं अन्य 185 लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया सभा को संबोधित करते हुए बिरौल प्रखंड अध्यक्ष कैलाश कुमार अधिवक्ता ने बताया लालू यादव गरीबों पिछड़ों असलियत ओं की आवाज रहे हैं जो गरीबों को उसका हक दिलाने का काम किया था उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना ओं के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई आज के इस कार्यक्रम में कैलाश कुमार प्रखंड अध्यक्ष बिरौल उपस्थित देवचंद्र चौधरी अकील अहमद बलराम मिश्रा मनोज राय नव कांत झा महाशय झा विजय मिश्रा कुलानंद मिश्रा बालेश्वर मिश्रा अनिल पासवान भुवन जी गजेंद्र मिश्रा भोगेंद्र मिश्रा मोहम्मद नजीर शंकर झा घनश्याम झा देव चंद्र झा संतोष कमती वेद आनंद मिश्र भुवनेश्वर झा सहित

## डायरिया के प्रमुख कारणों में से एक है दूषित जल का सेवन

### डायरिया से बचाव के प्रति जागरूकता के लिये सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा संचालित

**समाज जागरण अररिया।**

भीषण गर्मी व उमस भरे मौसम में डायरिया का खतरा काफी बढ़ जाता है। डायरिया की वजह से बच्चों व बुजुर्गों में अत्यधिक निर्जलीकरण की वजह से स्थिति बिगड़ने का खतरा रहता है। ये जानलेवा भी हो सकता है। इसीलिये डायरिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। इसमें आशा कार्यकताओं के माध्यम से जहां पांच साल से कम उम्र के बच्चों के बीच ओआरएस व जिंक की दवा वितरित की जा रही है। वहीं हाथों की सफाई, डायरिया से बचाव संबंधी अन्य कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**दूषित जल का सेवन डायरिया का प्रमुख कारण :**

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि दूषित जल का सेवन डायरिया के प्रमुख कारणों में से एक है। नियमित दिनचर्या के साथ स्वच्छता का ध्यान रखते हुए डायरिया से काफी हद तक बचा जा सकता है। बरसात के मौसम में जलजमाव होने की वजह से डायरिया के जीवाणु तेजी से विकसित होते हैं। इसलिये घर के आसपास जलजमाव से बचाव और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखना जरूरी है।

**मुख्यतः तीन तरह के होते हैं डायरियाः** सिविल सर्जन ने कहा कि डायरिया के कई प्रकार हैं। एक्यूट वाटरी डायरिया, इसमें दस्त काफी पतला होता है। ये कुछ घंटों या कुछ दिन तक ही होता है। इससे निर्जलीकरण एवं अचानक वजन में गिरावट होने का खतरा होता है। दूसरा एक्यूट ब्लडी डायरिया, इसे आमतौर पर शूल के नाम से जाना जाता है। इससे आंत में संक्रमण व कुपोषण का खतरा होता है। तीसरा परसिस्टेंट डायरिया, जो 14 दिन या इससे अधिक समय तक रहता है। इसके कारण बच्चों में कुपोषण व संक्रमण का खतरा होता है। चौथे तरह के डायरिया का खतरा अतिकुपोषित बच्चों को ज्यादा रहता है। ये अत्यंत गंभीर किस्म का होता है। इससे संक्रमण, निर्जलीकरण, ह्रदय संबंधित समस्या, विटामिन व जरूरी खनिज लवण की शरीर में कमी की समस्या आती है।

**डायरिया के शुरूआती लक्षणों का रखें ध्यान :**

- लगातार पतले दस्त का होना
- बार-बार दस्त के साथ उल्टी का होना
- प्यास का बढ़ जाना
- भूख का कम जाना या खाना नहीं खाना
- दस्त के साथ हल्के बुखार का आना
- दस्त में खून आना जैसे लक्षणों के आधार पर डायरिया की पहचान होती है

## वीमेंस कॉलेज के प्रिसिपल ने कुलसचिव से महाविद्यालय में नामांकन सुविधा देने की मांग।

**समाज जागरण मधेपुरा।**

जिला मुख्यालय स्थित वीमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम मधेपुरा (बिहार) यू० जी० सी० द्वारा प्रस्तावित मॉडल कॉलेज भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा की संबंध इकाई है ।सत्र-2022-23 में औपबंधिक / अस्थायी संबंधन के रूप में नामांकन सुविधा प्रदान करने के संबंध में महाविद्यालय की प्रधानाचार्य नें कुल सचिव भू० ना० मंडल विश्वविद्यालय, लालू नगर, मधेपुरा को आवेदन दे कर बढ़ती हुई छात्राओं की संख्या एवं माननीय मुख्यमंत्री का छात्राओं के लिए चलाए जा रहे अभियान को देखते हुए चालू सत्र में नामांकन लेने हेतु विश्वविद्यालय स्तर से आदेश देने की मांग की है ।दी गई आवेदन में लिखा गया है कि वीमेंस कॉलेज कौशल्या, ग्राम मधेपुरा के स्थाई संबंधन में जमीन शहरी क्षेत्र में ना होने के कारण संबंधन प्रस्ताव अस्वीकृत / संसूचित किया गया था। प्रबंध समिति द्वारा जमीन की व्यवस्था शहरी क्षेत्र में की गई। निशुल्क निबंधन के लिए जिला



पदाधिकारी मधेपुरा को दिनांक 05.11.21 को लिखा गया। जिला पदाधिकारी महोदय के आदेश से दिनांक 01.06.22 को निशुल्क निबंधन हेतु पत्र प्राप्त हुई।दिनांक 05.07.22 को रजिस्टर मधेपुरा के यहां जमीन 02 एकड़ 64 डी० 49 वर्ग कड़ी विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम मधेपुरा के नाम से निबंधित करा ली गई है।

ज्ञात हो कि समाहरणालय स्तर पर प्रक्रिया पूरी करने में लगभग 07 माह का समय लग गया जिस कारण जमीन निबंधन में विलंब हो गया।

दाखिल-खारिज हेतु आवेदन अंचलाधिकारी के यहां की गई है।

अतः अनुरोध है कि 2022-23 में औपबंधिक/अस्थायी संबंधन के रूप में नामांकन की अनुमति प्रदान की जाए। साथ ही कमी की पूर्ति को देखते हुए स्थाई संबंध प्रदान की जाए। ताकि छात्राओं को असुविधा ना हो। बढ़ती हुई छात्राओं की संख्या एवं माननीय मुख्यमंत्री का छात्राओं के लिए चलाए जा रहे अभियान को बल मिल सके। आवेदन की प्रतिलिपि

महामहिम कुलाधिपति महोदय, बिहार पटना, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार पटना, माननीय शिक्षा मंत्री, बिहार पटना, निदेशक उच्च शिक्षा,बिहार पटना को भी भेजी गई है ।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय चतरा के प्रांगण में विद्यालय के छात्र, छात्राओं के बीच जल दोस्ती अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

**दैनिक समाज संवाददाता- अमोद कुमार श्रीवास्तव. प्रतिनिधि, खजौली**

जल दोस्ती कार्यक्रम के दौरान जल से उपयोग एव जल की शुद्धता , जल से सौर ऊर्जा उतप्पन के बारे में छात्र, छात्राओं को जानकारी दी.

मध्य विद्यालय चतरा में कार्यक्रम के दौरान छात्र,छात्राओं को जानकारी देते संस्था के प्रशिक्षक वासुदेव दास व मानस कुमार.

प्रखंड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चतरा के प्रांगण में वुधवार को स्वराज विकास संध जगतपुर मधुबनी के द्वारा जल दोस्ती अभियान कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के छात्र,छात्राएं एव शिक्षक को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया.इस कार्यक्रम का अध्यक्षता मध्य विद्यालय चतरा के एचएम सुधीर कुमार सिंह द्वारा किया गया.इस दौरान संस्था के डब्लू.एच. एच के माध्यम से मास्टर ट्रेनर वासुदेव दास एव मानस कुमार ने जल का महत्व,जल का उपयोग,जल का संरक्षण,जल से



सौर ऊर्जा उत्पादन के बारे में सभी छात्र,छात्राएं एव शिक्षक,शिक्षिकाएं को बारीकी से जानकारी दिया गया.मास्टर ट्रेनर मो.अतहुल्लाह ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की पिने की पानी कैसे शुद्ध मिले इसके बारे में किसी भी छात्र को जानकारी नही है.उन्होंने कहा विद्यालय में शुद्ध जल से एडीएम का खाना तैयार करता है तो बच्चों को शुद्ध भोजन मिलता है.वही दूषित पानी से खाना बनता है तो बच्चों खाना खाने के बाद अनेक तरह की शरीर मे कठिनाई पैदा होता है.वही मास्टर ट्रेनर मानस कुमार ने जल की शुद्धता की जांच किट द्वारा करके ही बच्चों को पानी पिलाने का सुझाव दिया.वही मास्टर ट्रेनर उमेश कुमार,पंकज कुमार ने जल की उपयोग ,संरक्षण एव जल से सौर ऊर्जा उत्तपन करने की जानकारी दी.इस प्रशिक्षण के मौके पर पंचायत के मुखिया अनिता देवी,सरपंच कृष्णा कुमारी,जदयू नेता गंगा प्रसाद सिंह,समाजसेवी बेचन यादव,शिक्षक अमरेंद्र कुमार यादव,विपुल कुमार,दिलीप कुमार,शिक्षिका उर्मिला कुमारी,प्रियंका कुमारी,संतोष कुमार सिंह सहित छात्र,छात्राएं उपस्थित थे.

## खजौली प्रखंड के भकुआ पंचायत सरकार भवन पर आयोजित कैंप में समस्याओं को लेकर लोगो को उमरी भीड़

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
**अमोद कुमार श्रीवास्तव**

प्रखंड के भकुआ पंचायत सरकार भवन पर बुधवार को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कैंप का आयोजन किया गया . इस कैम्प के नेतृत्व कर्ता डीएसएलआर राकेश कुमार द्वारा किया गया. डीसीएलआर ने कहा कि कैंप के माध्यम से पंचायत की जनता की समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया. उन्होंने कहा कि पंचायत के आमजनों से प्राप्त अलग-अलग प्रकार के समस्याएं की आवेदन प्राप्त कर उक्त आवेदन को जांच कर उसका निष्पादन किया गया. इस दौरान जिला से आये डीसीएलआर राकेश कुमार, बीडीओ मनीष कुमार,सीओ मनीष कुमार के हाथों दर्जनों लाभार्थी के बीच राशन कार्ड का वितरण किया. वही बीडीओ मनीष कुमार ने पंचायत में सुवह 8 से 11 वजे तक संचालित योजनाओं का जांच पड़ताल किया . उन्होंने कहा कि भकुआ पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 26, पर पहुँच कर जांच पड़ताल कर आंगनबाड़ी सेविका को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. वही बीडीओ ने पंचायत स्तर पर प्राथमिक विद्यालय मरार मझाव विद्यालय,आंगनबाड़ी, पीडीएस, मनरेगा, जल जीवन हरियाही के तहत वृक्षा रौपन कार्य,स्वास्थ विभाग सहित अन्य संचालित योजनाओं का जांच पड़ताल किया गया. वही भकुआ पंचायत सरकार भवन में 11:00 से 3:00 तक कैंप में जनता की समस्या सुनर ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया. वही कैम्प में आम



जनता से आवेदन प्राप्त कर , संग्रहित आवेदन की जांच परताल कर 3:00 बजे से उक्त आवेदन गहन विचार विमर्श कर ऑन द स्पॉट समस्याएँ का निदान किया गया. वही आवेदन के आलोक में स्थलीय व भौतिक पड़ताल किया गया . वही डीसीएलआर राकेश कुमार कहा कि आम जनता की समस्याएं को लेकर प्रखंड से जिला पर आमजनता बराबर शिकायत करते है, जिसकी निष्पादन में काफी समय लगता था . इस लेकर आम जनों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग के द्वारा कैम्प का आयोजन कर निपटारा किया गया है. वही कैम्प के दौरान भकुआ पंचायत के पुरुष,महिलाएं के बीच दर्जनों राशन कार्ड को वितरण किया गया.वही सीओ मनीष कुमार, राजस्व पदाधिकारी विकेश कुमार एव राजस्व कर्मचारी सत्यनारायण साफी द्वारा कैम्प में आये जमीनी विवाद की समस्याओं को ऑन स्पोर्ट निष्पादन किया गया.मौके पर डीसीएलआर राकेश कुमार,प्रधान सहायक अकील अहमद, मुखिया विनिता देवी, पंसस ललिता देवी, ,बीडीओ मनीष कुमार,सीओ मनीष कुमार,सीडीपीओ रीता रानी,मनरेगा पीओ स्वेता कुमारी, राजस्व पदाधिकारी विकेश कुमार,राजस्व कर्मचारी सत्यनारायण साफी, डीलर बलदेब पासवान, महेश गुप्ता, हेमा कुमारी,आवास पर्यवेक्षक आशुतोष झा, कृषि सलाहकार के.डी. सिंह, सरपंच कागती देवी, उप सरपंच सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सरपंच कचहरी सचिव मालती देवी, आवास सहायक जगगरनाथ प्रसाद साह, प्रखंड़ आपूर्ति सहायक अमित कुमार, समाजसेवी संजय कुमार ठाकुर, अमरेश कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार सिंह सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि एव सैकड़ो लाभार्थी कैम्प में मौजूद थे.

## बाइक समेत 15 लीटर शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के चानन थाना क्षेत्र अंतर्गत चानन पुलिस ने 15 लीटर देसी महुआ शराब समेत बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है तथा इस संदर्भ में चानन थाना अध्यक्ष वैभव कुमार से मिली जानकारी के अनुसार चानन थाना क्षेत्र के



मननपुर बाजार से सोनेलाल सोरेन पेसर बलदेव सोरेन थाना बरहट जिला जमुई को 15 लीटर देसी महुआ शराब व बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है तथा उसके ऊपर थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है जानकारी चानन थाना अध्यक्ष वैभव कुमार ने दी है

## महिला के गले से बदमाशों ने सोने का चैन छीना

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

पटना/बिहटा के सिकंदरपुर ईएसआईसी अस्पताल के नजदीक मोटरसाइकिल सवार महिला के गले से बदमाशों ने गले का चैन छीन लिया और वहा से फरार हो गए बताया जाता है की अजमेरी नगर निवासी मिला देवी अपना इलाज बिहटा के सिकंदर पर स्थित ईएसआईसी अस्पताल में अपना इलाज



करवाने अपने बेटे अंकित कुमार के साथ जा रही थी तब ये घटना घटी,वही पीड़िता के बेटा अंकित कुमार ने बात करते हुए बताया की,मैं अपनी मां का इलाज करवाने सिकंदरपुर स्थित ईएसआईसी अस्पताल जा रहा था जैसे ही अस्पताल के नजदीक पहुंचा तो पीछे से एक बिना नंबर प्लेट का आर वन फाइव बाइक सवार दो उचक्कों ने मेरे मां के गले से सोने का चैन छीन कर फरार हो गए जिसके बाद मैं सोर मचाया लेकिन तब तक उच्चके कोइलावर की फरार हो चुके थे,उसके पश्चात मैं बिहटा थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लिखित आवेदन दर्ज करवाया है,वही पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है

## इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय हरिशंकर कुशवाहा के परिजनों से मिले माले नेता!

**दैनिक समाज जागरण आरा से अख्तर शफी निक्की**

**हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करें सरकार-माले!**

जगदेव नगर निवासी इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी हरिशंकर कुशवाहा को दिनदहाड़े उनकी दुकान में घुसकर सरेआम हत्या कर अपराधी भाग निकले! इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाई हरिशंकर कुशवाहा के परिजनों से भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव,आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम,पंकज



कुशवाहा ने मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली!इस दौरान भाकपा-माले नेताओं ने कहा कि नीतीश मोदी की सरकार में बिहार में अपराधियों का बोलबाला काफी बढ़ गया है,लगातार अपराध बढ़ रहा है अभी हाल के दिनों में आरा शहर में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रहा है सरेआम दुकानदारों, आम नागरिकों को अपराधी हत्या कर घूम रहे हैं!अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया कि जनप्रतिनिधियों के घर फायरिंग कर दहशत का माहौल बना है!इस दौरान माले नेताओं ने कहा कि हरिशंकर कुशवाहा के परिजनों को ड्ढ10 लाख मुआवजा देने,नामजद अपराधियों के गिरफ्तारी,उनके परिजनों को सुरक्षा एवं अपराधियों के खिलाफ स्पीड ट्रायल चलाकर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है!

## दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी।

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू**

जयनगर दरभंगा मुख्य पथ एन एच 527 बी पर दुल्लीपट्टी गांव स्थित एस एस बी मुख्यालय के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर चढे दोनों सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी बाइक सवारों के आवास का पता नहीं चल पाया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक



सवार दरभंगा की ओर से जयनगर के तरफ आ रहा था। एक अन्य वाहन से आवर टेक करने के क्रम में वह विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक के चपेट में आ गया। ट्रक के नीचे बाइक सहित आने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों जख्मियों को इलाज के लिए जयनगर भेजा। स्थानीय लोगों द्वारा ट्रक को रोक रखा गया है। ट्रक का नंबर बीआर 01 जीके 4029 है। दोनों बाइक सवार की स्थिति गंभीर और चिंताजनक बतायी जा रही है।

## नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सूर्य पूरा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी जिसमें कुल 4 लोग घायल हो गए थे इसमें एक पक्ष के अनुसार खातून के द्वारा सूर्य ग्रहण थाने में कुल 13 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था एवं उक्त घटना को लेकर सूर्यगढ़ा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया



गया तथा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मोहम्मद मकसूद मोहम्मद हकीम है जिस पर मामला दर्ज कर अभियुक्त को लखीसराय जेल भेजा गया है

## ट्रक ने बाइक सवार को लौना बाइक पर सवार महिला का घटना स्थल पर हुई मौत

**समाज जागरण मुरारी झा**

समस्तीपुर जिले के सिंघिया से जहां बाइक सवार महिलाओं को ट्रक ने कुचल दिया वही घटनास्थल पर ही महिलाओं की मौत हो गई है।

ट्रक व ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने अपने हिरासत में ले लिया है। वही घटना होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

आक्रोश परिजनों ने सिंघिया रोसरा मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया। वही मृत महिला की पहचान सिंघिया प्रखंड अंतर्गत निरपुर भराड़िया पंचायत के बेलाही ग्राम के शबीर अहमद की 40 वर्षीय पुत्री रिफत बानो के रूप में की गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सिंघिया थाना के थाना अध्यक्ष कृष्णकांत मंडल शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर दिया है। तो इस वक्त की बड़ी खबर समस्तीपुर जिले के सिंघिया से जहां बाइक सवार महिलाओं को ट्रक ने कुचल दिया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सिकंदर आलम भी पहुंचे देखिए उन्होंने इस घटना के

## नवगछिया स्टेशन पर शुद्ध पेयजल के आपूर्ति के लिए वॉटर ATM लगाने की मिली स्वीकृति।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

नवगछिया स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओ में बढ़ोतरी करते हुए नवगछिया स्टेशन पर शुद्ध पेयजल के आपूर्ति के लिए वॉटर एटीएम लगाने की स्वीकृति दी गई है। वही नवगछिया माल गोदाम पर गुडस साइडिंग एवं श्रमिक विश्रामकक्ष एवं शौचालय सहित




मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए रेल मंत्रालय के द्वारा करीब तीस लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। वही नवगछिया के समपार सं 11 और 12 पर रबराइज्ड सड़क बनाने की स्वीकृति दी गई है और टेंडर प्रकिया शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही दोनों कार्य की शुरूआत की जाएगी।

## भागलपुर के पर्वती मोहल्लेवासियों ने पानी की किल्लत को लेकर नगर निगम के खिलाफ किया जमकर हंगामा।

**भागलपुर :----समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

पर्वती मोहल्ले में पानी की किल्लत के कारण लोगों ने जमकर किया हंगामा, पिछले कई दिनों से मोहल्ले में लगी सरकारी बोरिंग खराब हो गया




है। जिसके कारण वार्ड नंबर 13 व 14 की जनता बोरिंग खराब होने के कारण पानी की किल्लत से दो-चार हो रही है। जिसको लेकर आज घर की महिलाएं बच्चे और युवा सड़क पर उतर आए और मोहल्ले की सड़कों पर जमकर नगर निगम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि नगर निगम के द्वारा 2-4 टैंकर पानी भेजा जाता है लेकिन उसमें परिवार का कार्य पूरा नहीं हो पाता है। वही आम लोग जल्द से जल्द बोरिंग मरम्मत कराने की मांग कर रहे हैं।

## ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2022 का आयोजन बिलासपुर छत्तीसगढ़ में किया गया।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय / निभाष मोदी।**

करावे प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के तहत करवाया गया इस टूनामेंट में कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (KAI) के सचिव रजनीश चौधरी (हरियाणा), इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (IOA) के उपाध्यक्ष कुलदीप वत्स, छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री, सीआरपीएफ की टीम एवं छत्तीसगढ़ पुलिस बल ने इस



प्रतियोगिता में शिरकत किया,

प्रतियोगिता में कुल 2200 खिलाड़ियों एवं 300 कोच एवं ओफिसियल ने भाग लिया!

इस प्रतियोगिता में भागलपुर जिले से तीन खिलाड़ी एक कोच एवं एक ओफिसियल का चयन राज्य में किया गया था जिसमें से आदित्य घोष सीनियर कैटेगरी में +84 किलो भार में सीआरपीएफ के खिलाड़ी से हारे

प्रणव ज्योति कैडेट-57 किलो भार में मेघालय के खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा

वही कैडेट -52 किलो भार में दिशु राज ने आंध्र प्रदेश को हराकर कांस्य पदक अपना कब्जा जमाया! भागलपुर की टीम आज वापस लौटी इस खुशी के मौके पर सेंत टेरेसा स्कूल की प्राचार्य सिस्टर थेरेस ने खिलाड़ी दिशु राज एवं कोच रोहित खेतान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी!!

## व्यापार मंडल में निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष सचिन कुमार।

**गोपालपुर :---समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर ।**

गोपालपुर के बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी वीणा कुमारी चौधरी ने गोपालपुर व्यापार मंडल सहयोग समिति लिमिटेड के निर्विरोध निर्वाचित



अध्यक्ष सचिन कुमार व प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य अभय कुमार, प्रमोद चौबे, सुमकी देवी, शम्मी देवी, बालमिकी कुँवर व छोटे लाल सिंह को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा.।

## खेग्रामस सदस्यता के माध्यम से संगठन विस्तार में जूटी माले

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर- दलित,गरीब, महिला,मजदूर को खेग्रामस का सदस्य बनाकर संगठन विस्तार में जूटी है। भाकपा माले दलित बस्ती चकमोतीपुर को केंद्र कर मंगलवार को खेग्रामस का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में दलित मजदूर ने खेग्रामस का सदस्यता ग्रहण किया। अभियान का नेतृत्व में किसान नेता ब्रहमदेव प्रसाद सिंह,राजदेव प्रसाद सिंह,ललन दास, माले प्रखंड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह आदि ने किया। वहीं मौके पर उपस्थित महिला,मजदूरों से महंगाई,गरीबी, बेरोजगारी पर विमर्श किया गया। लोगों ने बढ़ती महंगाई से से परेशानी को लेकर आक्रोशित दिखे।

तत्पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में पंचायत से संबंधित योजना मसलन आवास,मनरेगा, पशुशेड, सोख्ता आदि की व्यवस्था नहीं है। माले नेता ने इन योजनाओं को नगर परिषद क्षेत्र में भी लागू करने की मांग सरकार से की है।

## तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय को बर्बाद करने वाले राज्यपाल फागू चौहान होश में आओः आइसा

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो एवं स्नातक पार्ट 2 का एक्जाम जल्द से जल्द लेने की गारंटी करोः-प्रवीण कुशवाहा

आइसा के विश्वविद्यालय संयोजक प्रवीण कुशवाहा प्रेस बयान जारी करते हुए कहा तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में प्रभारी कुलपति हनुमान पांडे 8 महीना से ऑफिस में नहीं आए हैं, 8 महीना से किसी छात्रों के डिग्री पर सिग्नेचर नहीं हुआ आखिर छात्रों के डिग्री पर सिग्नेचर कौन करेगा इसका जवाब कौन देगा ! जब कुलपति ऑफिस में नहीं आते हैं तो उस कुलपति पर तुरंत कार्रवाई कर उसे जेल भेजना चाहिए, और आगे कहा वही फाइल सिग्नेचर होती है जिस पर मोटी रुपैया यहां से भेजी जाती है और उसी का काम होता है बाकी फाइलें पेंडिंग पड़ी रहती है एवं बुनियादी काम की फाइल जब तक पैसा नहीं भेजेगा तब तक काम नहीं होती है,आखिर यह कब तक चलेगा इसका निदान जल्द से जल्द किया जाए और तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय लगातार सभी छात्र संगठन एवं शिक्षक कर्मचारियों का लगभग 3 महीना से विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति की मांग पर आंदोलन जारी है फिर भी राजभवन अभी तक स्थाई कुलपति की नियुक्ति नहीं की जिसका नतीजा विश्वविद्यालय मैं 4 दिन से तालाबंदी जारी है, लेकिन अंधी बहरी बिहार सरकार और राज्यपाल के कान में जूं तक नहीं जा रही है राज्य सरकार छात्र के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है आज जिसका नतीजा अब स्नातक पार्ट 2 की एग्जाम कैंसिल हो गई कितना मेहनत से छात्र पढ़ाई करते हैं और आज उसकी एग्जाम का डेट आगे बढ़ा दिया उस छात्रों के मानसिक क्या बीती है वह छात्र ही जानते है लेकिन बिहार की डबल इंजन की सरकार लगातार अनदेखा कर रही हैं और विश्वविद्यालय प्रशासन एवं राज्य सरकार से छात्र संगठन आइसा मांग करती है कर्मचारी एवं छात्रों का मांग को पूरा करें और आंदोलन समाप्त कर जल्द से जल्द एग्जाम लेने की गारंटी करें और जल्द से जल्द स्थाई कुलपति की नियुक्ति करें के शैक्षणिक माहौल को तैयार करें नहीं इसके खिलाफ छात्र संगठन आइसा उग्र आंदोलन करेगा!

## हथियार का भय दिखाकर कपड़ा व्यवसायी से 2 लाख 79 हजार की लूट।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

नवगछिया के परवत्ता थाना के कलबिलया धार के पास अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर कपड़ा व्यवसायी से सोमवार की देर शाम में दो लाख 79 हजार रुपए लूट लिया। पीड़ित भागलपुर जिला के मधुसुदनपुर थाना के गनोरा निवासी कपड़ा व्यवसायी संजय रजक हैं। बताया गया कि भागलपुर कपड़े के सिद्धी क्रिऐशन थोक विक्रेता हैं। सिद्धी क्रिऐशन में संजय रजक सेल्स मेन के रूप में कार्य करते हैं।

दुकान की उधारी वसूल कर लाते हैं। बताया गया कि कुसेर्ला बाजार स्थित कपड़े की दुकान व नवगछिया बाजार में पांच कपड़े की दुकान से रूपया उधारी वसूल कर बाइक से वापस भागलपुर जा रहे थे। अपराधियों ने नवगछिया व परवत्ता थाना के सीमावर्ती क्षेत्र कलबलिया धार के



पास 14 नंबर रोड पर बाइक को ओवरटेक कर रूकवाया। बाइक पर तीन की संख्या में अपराधी थी। अपराधियों ने संजय रजक के साथ मारपीट करते हुए हथियार का भय दिखाकर दो लाख 79 हजार रुपए लूट लिया।

लूट की घटना को अंजाम देने के पश्चात सभी आरोपित नवगछिया की ओर भाग गए। व्यवसायी घटना की सूचना परवत्ता थाना की पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच किया। घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। पीड़ित व्यवसायी से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार ने भी पूछताछ किया। व्यवसायी संजय रजक के बयान पर परवत्ता थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही हैं। जल्दी मामले की छानबीन कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सेविका सहायिका के चयन में अनिमियता को लेकर अनिश्चित कालीन धरना

**दैनिक समाज जागरण मधुबनी,शिव कुमार जयनगर**

प्रखण्ड कार्यलय परिसर में दिया जा रहा है धरना मधुबनी जिला के जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के बेलही पूर्वी पंचायत में केंद्र संख्या 186 एवं 187 के सेविका सहायिका चयन में बिना आम सभा किये धांधली और अनिमियता बरते जाने के आरोप लगाते हुए मामले को लेमर जयनगर प्रखण्ड कार्यालय परिसर में बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया गया।। पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 186 और 187 पर सेविका चयन में बीडीओ द्वारा अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थी और गग्रामीणों के द्वारा बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम शुरूआत की गई। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता जीबछ यादव के द्वारा किया गया। आयोजित धरना कार्यक्रम में प्रदीप यादव, विकास यादव, भोगी यादव, संजय यादव, धर्मेंद्र यादव, झगरु यादव, सुरेश यादव,शोभा देवी अरहुलिया देवी,अम्बिका देवी , इंदु देवी, सरिता कुमारी , नीलम कुमारी, ममता कुमारी, समेत कई लोग धरना कार्यक्रम में शामिल हुए। धरना को सम्बोधित करते हुए अभ्यर्थी और ग्रामीण वक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों आंगनवाड़ी केंद्र के चयन में बीडीओ द्वारा किए गए चयन




प्रक्रिया में अनिमियता बरती गई है । चयन को रद्द करने और नये सिरे से आमसभा की तिथि निर्धारित कर सेविका,सहायिका चयन प्रक्रिया को दुबारा सम्पन्न करने की मांग की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बीडीओ द्वारा बिना विहित प्रक्रिया का पालन किए चयन प्रक्रिया को पूरा किया गया है।जब तक चयन प्रक्रिया को दुबारा किए जाने की घोषणा नहीं की जायेगी तब तक अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम जारी रहेगा। वही जानकारी के मुताबिक लोगो का आरोप है कि प्रखण्ड क्षेत्र के कई आंगनवाड़ी केंद्रों पर सेविका सहायिका चयन में अनियमितता बरते जाने कई केंद्रों पर नियम के विरुद्ध चयन प्रक्रिया संपन्न किए जाने और विभाग के कार्यशैली पर सवालिया निशान उठाये जाने का आरोप लगाया जाने की बात कही जा रही है। इससे पूर्व भी कई आगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका सहायिका बहाली मामले को लेकर विभाग के खिलाफ बाल विकास परियोजना कार्यलय परिसर पर अभ्यर्थियों ग्रामीणों एवं राजनीतिक दल के द्वारा धरना दिया गया था और अनुमण्डल कार्यलय परिसर में अभ्यर्थियों के द्वारा अनशन किया गया था। वही मामले को लेकर अनिश्चित कालीन धरना कार्यक्रम चयन प्रक्रिया में अनिमियता का आरोप चर्चा का विषय बना हुआ है।

## डीएम अमित कुमार वर्मा के द्वारा डोरवार पंचयात निरक्षण किया समस्याओं के समाधान को लेकर लगाया शिविर

**दैनिक समाज जागरण मधुबनी, शिव कुमार,जयनगर**

मधुबनी जिला के डीएम अमित कुमार वर्मा के द्वारा बुधवार को जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के डोरवार पंचायत का निरक्षण कर जायजा लिया। पंचायत भवन परिसर में डीएम अमित कुमार वर्मा के निर्देश पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के समाधान हेतू शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ उमा भारती के नेतृत्व में आयोजित शिविर में सीओ सुधीर कुमार समेत विभिन्न विभाग के प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों , कर्मियों और पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं प्रतिनिधियों , पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,आवास सहायक समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे। पंचयात के भर्मण के पश्चात आयोजित शिविर में डीएम अरविंद कुमार वर्मा पहुँच कर जल नल योजना के विस्तृत जानकारी लेते हुए । जिन वार्डो में मरम्मत नहीं होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित था,उन वार्डो में तत्काल मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति बहाल करने का दिशा निर्देश



देते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ सही लाभुकों तक पहुँचे को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।वही शिविर में पंचायत के विभिन्न वार्डो में जल नल योजनाओं की समीक्षा की गई,जिसमे कई वार्डो में पेयजल आपूर्ति मरम्मत के कारण नहीं होने के कारण बाधित रहने की बात सामने आई। मामले को लेकर बीडीओ उमा भारती के द्वारा बाधित जल नल योजना का अविलंब मरम्मत कर जलापूर्ति करने को लेकर संबंधित एजेंसी निर्देश दिया। वार्ड नंबर दस में राशि उठाव के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं होने का मुद्दा लोगों बीडीओ के समक्ष रखा, जिसमे बीडीओ द्वारा शीघ्र सड़क निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया गया। वही शिविर में ग्रमीणों के द्वारा योजनाओं, बाढ़ समेत अन्य जनसमस्याओं का मुद्दा उठाया गया। डीएम के द्वारा योजनाओं की जाँच करने और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। वही जिला पदाधिकारी के द्वारा योजनाओं को लेकर पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का शिकायत का निराकरण करने और जाँच प्रतिवेदन भेजने का आदेश दिया गया।

## जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक संपन्न।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता मे संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति की प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए।प्रधानमंत्री आवास योजना वित्तीय वर्षः 2016-17 से 2020-21के संदर्भ में यह तथ्य उभरकर सामने आया की वर्णित योजना अंतर्गत लगभग 92% अर्थात 65379 आवास पूर्ण कर लिए गए है एवं शेष में कार्य प्रगति पर है।वित्तीय वर्ष 2021-22 अंतर्गत लगभग 94% अर्थात 14122 लाभुको को प्रथम किस्त का भुगतान किया जा चुका है एवं शेष लाभुको के भुगतान हेतु आवश्यक कारवाई प्रगति पर है।समीक्षा क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शेष लंबित कार्यों को अविलंब निष्पादित करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है।बैठक में, पूर्व में विभिन्न अवसरों पर निरीक्षण क्रम में नल जल योजना में परिलक्षित तकनीकी खामियों के निवारण हेतु की गई कारवाई के संबंध में प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा की गई एवं निर्देश दिया गया की शेष लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।राजकीय नलकूपों की अद्यतन स्थिति समीक्षा क्रम में चालू नलकूपों की संख्या 127 एवं मरम्मती योग्य नलकूपों की संख्या 291 पाई गई है,जिसके समुचित संधारण हेतु अविलंब आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है।समीक्षा क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत अभी तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कुल 1185 कुंआ का जीणोर्धार कार्य प्रारंभ हुआ है,जिसे यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नवीन विभागीय प्रावधानों के अनुसार अतिरिक्त पंचायत सरकार भवन निर्माण संबंधी प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।सिविल सर्जन,जिला सहकारिता पदाधिकारी,कार्यपालक अभियंता(लघु जल संसाधन),भूमि सुधार उप समाहर्ता(सदर) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को उढ्ढष्ठ्ठभ्ट संबंधित लंबित आवेदनों के यथाशीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है।

बैठक में उप विकास आयुक्त,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क हादसा में सेना के जवान की हुई दर्दनाक मौत, खरीक के तेलघी के पास हुआ दुर्घटना।

**भागलपुर /नवगछिया समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा ,आए दिन सड़क दुर्घटनाओं से लोगों की जाने जा रही है । भागलपुर नवगछिया के खरीक थाना क्षेत्र के तेलघी बीआरसी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में सेना के जवान मोहम्मद हसनैन की मौत हो गई। मृतक जवान कल ही ड्यूटी से 20 दिनों की छुट्टी पर घर आया था और आज बभनगामा से अपने ससुराल मधेपुरा के सोनवर्षा अराजपुर मोटरसाइकिल से जा रहा था। रास्ते में बीआरसी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल बिजली के खंभे से टकरा गई और जवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक जवान सेना के 3 बटालियन में था





और अभी देहरादून में पोस्टेड था। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की सूचना मिलते ही पूरे परिवार के साथ -साथ कई गांव के लोगों के बीच कोहराम मच गया।सभी लोग पोस्टमार्टम घर तक पहुंच गए दर्शन । शांत स्वभाव के होने के कारण इनका संबंध सबके साथ अच्छा रहा जिसके कारण आज दुर्घटना की सूचना मिलते ही सब उस ओर दौड पडे।

## डी.बी. कॉलेज में 62वां स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम आयोजित।

**दैनिक समाज जागरण मधुबनी शिव कुमार जयनगर**

मधुबनी जिला जयनगर डी .बी. के 62वां स्थापना दिवस का समारोह के रूप में मंगलवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. एस. के. सिंह ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज ले प्रधानाचार्य डॉ. नन्द कुमार एवं अतिथि गण के द्वारा महाविद्यालय के संस्थापक ठाकुर मुंशी दयाल सिंह जी के प्रतिमा और तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। महिला शिक्षा के उत्थान के बगैर मिथिलांचल का विकास असंभव है। मिथिलांचल में उच्च शिक्षा के विकास हेतु तेजी से प्रयास हो रहे है। डी.बी. कॉलेज ने गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के विकास हेतु अत्यंत सार्थक प्रयास किया जा रहा है। जिससे मिथिलांचल की प्रतिष्ठा बढ़ी है। इस संस्था का मिथिलांचल में महिला-सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण योगदान है । प्रधानाचार्य डॉ नंद कुमार ने डी बी कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि डॉ . संजय कुमार पासवान ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि, बदलते भारत के विकास में छात्राओं की अग्रणी भूमिका है। उन्होंने कहा ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न अभियान आज सिर्फ एक स्लोगन नहीं रहा, पूरे भारतीय समाज ने वस्तुस्थिति को स्वीकार करते हुए बेटियों की उन्नति और उनके कौशल-विकास तथा शिक्षा-दीक्षा पर भरपूर ध्यान देना शुरू




कर दिया है जिसका प्रत्यक्ष ठाकुर मुंशी दयाल जी द्वारा उदाहरण 1960 में स्थापित डी. बी. कॉलेज है । जो इंडो नेपाल स्थित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति जलाने का कार्य कर रहा है। युवा शिक्षाविद् डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि आज हर तरह की सामाजिक बुराइयों से निजात पाते हुए, नये भारत के उत्थान का सुअवसर सबको मिला है, जिसमें हर युवक-युवती को अपना भरपूर योगदान करना चाहिए। संयोजक डॉ.एस. के. सिंह ने कहा कि मिथिलांचल के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में भी महिला-सशक्तीकरण के लिए काफी ठोस प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कन्या-शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों का ही नतीजा है कि आज राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में वितरित होने वाले 70-80 प्रतिशत ह्यस्वर्ण पदकह्न छात्राएँ ही हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग के युवा शिक्षाविद् डॉ. सुनील कुमार सुमन ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।मौके पर महाविद्यालय के डॉ.नंद कुमार, डॉ. संजय कुमार पासवान , डॉ .बुद्धदेव प्रसाद सिंह, डॉ. शशि भूषण कुमार, डॉ .शैलेश कुमार सिंह, डॉ. मो मिन्हाजुद्दीन, ओम कुमार सिंह, डॉ. रमण कुमार ठाकुर, डॉ. कुमार सोनू शंकर, डॉ .श्याम कुमार, डॉ .रंजना, डॉ .अनंतेश्वर यादव, डॉ. आनंद कुंवर, डॉ .अखिलेश कुमार सिंह, डॉ. आनंद राज, डॉ. शिव कुमार हरी, डॉ. प्रभात झा सहित कई शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी , छात्र छात्रायें भी उपस्थित थे।

### प्रधानाचार्य महासंघ बी एन एम यू की बैठक संपन्न, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय संबंधन समिति में दो अनुभवी प्रधानाचार्य को भी सदस्य के रूप मे नामित किया जाय

## सरकार से प्राप्त अनुदान की राशि शिक्षक कर्मचारियों को उनके कृत कार्यों तथा लिए गए वर्ग कार्यों के आधार पर किया जाय

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**

प्रधानाचार्य महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक मधेपुरा कालेज मधेपुरा स्थित प्रधान कार्यालय में महासंघ के विश्वविद्यालय अध्यक्ष सह प्राचार्य अनुपलाल यादव कॉलेज त्रिवेणीगंज डॉ जयदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।कौशल्या ग्राम मधेपुरा में संपन्न हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हवा कि माननीय उच्च न्यायालय के निदेशानुसार पूर्व के शिक्षण शुल्क क्षतिपूर्ति प्राप्ति उपरांत शिक्षा विभाग के निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन किया जाएगा। वर्तमान सत्र में छात्राओं एवम अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्राओं से अंडरटेकिंग एवम बैंक खाता संकलित कर शुल्क प्राप्त की जाय



तथा सरकार से आवंटन प्राप्ति उपरांत संबंधित छात्र/छात्राओं के खाते में संग्रहित राशि वापस कर दिए जाय। सरकार से प्राप्त अनुदान की राशि शिक्षक कर्मचारियों को उनके कृत कार्यों तथा लिए गए वर्ग कार्यों के आधार पर किया जाय। नैक सभी महाविद्यालय को करना है ताकि विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ सके । सर्वसम्मति से यह भी निर्णय हुआ कि माननीय कुलपति भू ना मंडल विश्वविद्यालय से अनुरोध किया जाए कि संबंधन समिति में दो अनुभवी प्रधानाचार्य को भी सदस्य के रूप मे नामित किया जाय तथा सप्ताह में दो दिन उन्हें स्थापना कोषांग में प्रतिनियुक्ति किया जाय।

## टीकाकरण को ढ़ाल बनाकर संक्रमण के खतरों से पायें निजात शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर विशेष अभियान आज

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**

जिले में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बुधवार को जिले में संक्रमण के 14 नये मामले सामने आये । वहीं 14 लोगों के स्वस्थ होने की भी जानकारी है। फिलहाल जिले में संक्रमण के 63 एक्टिव मामले हैं। जुलाई महीने में अब तक लगभग 44 हजार लोगों की हुई कोरोना संबंधी जांच में संक्रमण के 94 मामले सामने आये हैं। वर्तमान में जिले में संक्रमण के प्रसार की दर 0.21 फीसदी के करीब है। संक्रमण के बढ़ते खतरों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागीय प्रयास तेज हो चुका है। इसे लेकर कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ वंचितों के टीकाकरण को प्रमुखता दी जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिले में विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जाना है। खास बात ये है कि टीकाकरण अभियान के साथ-साथ मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का संचालन किया जाना है। इसे लेकर केयर इंडिया के महेंद्र बेहरा को विशेष प्रेक्षक प्रतिनियुक्त किया गया है।



सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में संक्रमण का मामला एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है। इसे लेकर लोगों को खासा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संक्रमण के खतरों से बचाव के लिए टीकाकरण महत्वपूर्ण उपाय है। टीकाकरण को अपना ढ़ाल बनाकर संक्रमण के खतरों से निजात पाना संभव है। इसलिये वंचितों को पूर्ण टीकाकरण के महत्व को समझना होगा। विशेष अभियान के क्रम में वंचित लाभुक अपने घर के आसपास ही टीकाकरण सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। टीकाकरण अभियान के साथ-साथ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इसमें हाई रिस्क प्रिंगनेंसी से संबंधित मामलों को चिह्नित किया जाना है। ताकि इस पर विशेष ध्यान देते हुए सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कराया जा सके।

## एक अगस्त तक अनुकम्पा कर्मियों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त नहीं किया गया तो 2 अगस्त से वे करेंगे आमरण अनशन

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।**

पूर्णिया विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेजों के अनुकंपा कर्मियों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर एक शिष्टमंडल सोनी सोहित के नेतृत्व में पूर्णिया विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य प्रोफेसर एमपी सिंह को उनके निवास स्थान पर मिलकर ज्ञापन सौंपा। उन लोगों का कहना था कि हम लोग 23 अनुकंपा कर्मी 4 सालों से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए पूर्णिया विश्वविद्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 4 सालों से सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। शिष्ट मंडल द्वारा सिंडिकेट महोदय से आग्रह किया गया कि आप अपने स्तर से हम लोगों के मामले को कुलपति महोदय के समक्ष रखकर नियुक्ति के लिए दबाव बनावे। हम लोगों का आर्थिक स्थिति जर्जर हो चुका है आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। यदि 1 अगस्त तक अनुकंपा कर्मियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्त नहीं किया गया तो 2 अगस्त से सभी अनुकंपा कर्मी अपने परिवार के साथ विश्वविद्यालय परिसर में आमरण अनशन का निर्णय लिया है।

इस मामले पर सिंडिकेट सदस्य प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि मैं आप लोगों के मामले को सिंडीकेट बैठक में भी पुरजोर ढंग से उठा चुका हूं। आप लोगों को अभी